उज्जैन
मंगलवार
11
अगस्त, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-279
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 खराब क्वालिटी की आशंका में 535 किलो घी-पनीर जब्त
7 सरफराज खान 2 साल बाद भारतीय टीम में शामिल

# साउथ अमेरिकी देश कोलंबिया में भूकंप से 132 लोगों की मौत

## 570 घायल, 86 इमारतें गिरीं, 1500 से ज्यादा घरों को नुकसान, सात एयरपोर्ट पर काम बंद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोलंबियास

साउथ अमेरिकी देश कोलंबिया में सोमवार रात आए 7.4 तीव्रता के भूकंप से अब तक 132 लोगों की मौत हो गई है। इसके अलावा 570 लोगों के घायल होने की खबर है। अधिकारियों के मुताबिक, देशभर में 86 इमारतें ढह गईं, जबकि 1,500 से ज्यादा घरों को नुकसान पहुंचा है। 18 स्वास्थ्य केंद्रों और 52 स्कूलों को भी नुकसान हुआ है।



इसके अलावा 7 एयरपोर्ट पर काम रोक दिया गया है। पांच शहरों में रेड अलर्ट जारी किया गया है। राष्ट्रपति ने इमरजेंसी कमेटी की बैठक बुलाकर राहत और बचाव अभियान की निगरानी शुरू कर दी है।

### परेरा में सबसे ज्यादा मौतें

- परेरा शहर में अकेले 60 लोगों की मौत हुई है। करीब 5 लाख की आबादी वाला यह शहर भूकंप के केंद्र से 64 किलोमीटर से भी कम दूरी पर है।
- राजधानी बोगोटा समेत कई शहरों में भी तेज झटके महसूस किए गए। एहतियात के तौर पर लोग इमारतों से बाहर निकलकर सड़कों पर आ गए।

### चोको और रिसाराल्डा में भारी नुकसान

अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण के मुताबिक, भूकंप सोमवार सुबह करीब 7:34 बजे आया। इसका केंद्र चोको इलाके में सैन जोसे डेल पालमार के पास था। भूकंप की गहराई 107 किलोमीटर थी।

### बोगोटा से 100 रेस्क्यूकर्मी भेजे जाएंगे

बोगोटा के मेयर ने प्रभावित इलाकों के लिए 6 कलेक्शन सेंटर बनाए हैं। यहां पानी, कंबल, पैक्ड खाना, हाइजीन सामान और फर्स्ट-एड किट जमा की जा रही हैं। प्रभावित शहरों में राहत और बचाव अभियान के लिए बोगोटा से 100 रेस्क्यूकर्मियों को भेजने की तैयारी है।

---

सारंगपुर के ग्राम पढ़ाना में उफने नाले में कार बही

## एक ही परिवार के 9 लोगों की डूबने से मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ शाजापुर

राजगढ़ जिले के सारंगपुर के समीप ग्राम पढ़ाना में एक दर्दनाक हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई, जबकि 2 व्यक्ति ग्रामीणों की मदद से बचने में सफल रहे। भारी बारिश से इलाके में नदी-नाले उफान पर हैं। उफान पर आये नाले को पार करने की कोशिश में तेज बहाव की चपेट में आई कार के बह जाने से बड़ा हादसा हो गया। मृतकों में 4 बच्चे और 3 महिला भी शामिल हैं। एक परिवार के 11 लोग इको कार से देवास जिले के सतवास से कड़लावद जा रहे थे, तभी उफान पर आए नाले को पार करने की लापरवाही 11 लोगों की जिंदगी पर भारी पड़ गई।

**मृतकों में 4 बच्चे और 3 महिला शामिल**



### घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया

लहरों में फंस कर इको कार तेज बहाव में बह गई और उसमें सवार 9 लोगों की डूबने से मौत हो गई। जिनमें 4 बच्चे और 3 तीन महिला भी अकाल मौत का शिकार हुए हैं। इस घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और खबर फैलते ही इलाके में सनसनी फेल गई। बहुत बड़ी संख्या में लोग दुर्घटना स्थल पर जमा हो गए। कार में सवार 11 मे से 2 लोग मुकेश परमार और हुकम परमार काफी जद्दोजहद के बाद बचने में कामयाब रहे। इन्हे स्थानीय लोगों ने सुरक्षित निकाला और उपचार के लिए सारंगपुर अस्पताल में दाखिल कराया गया। जबकि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं।

---

## रूस ने दिया भारत के साथ सीधे रेल मार्ग का प्रस्ताव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

रूस ने भारत के साथ सीधे रेल मार्ग का प्रस्ताव दिया है। जानिए क्या होगा संभावित रूट, प्रोजेक्ट के भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए मायने और इससे जुड़ी चर्चाओं का इतिहास। रूस की तरफ से भारत को सीधा रेल रूट के जरिए जोड़ने पर चचाएं तेज हो गई हैं। हाल ही में रूस के उप-प्रधानमंत्री मरात खुसनुलिन ने दोनों देशों के बीच एक संभावित रेल लिंक खड़ा करने पर गहराई से विचार की बात कही। उन्होंने इसके लिए विकल्प के तौर पर संभावित कुछ मार्ग भी सुझाए हैं। मजेदार बात यह है कि रूस और भारत के बीच एक सीधा रेल मार्ग खड़ा करने की यह चर्चाएं कोई नई नहीं हैं।

---

छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में भाजपा का बड़ा एलान

## आज झारखंड बंद का आह्वान



ब्रह्मास्त्र ▸▸ रांची

झारखंड में भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर छात्रों ने दिनभर आंदोलन किया। छात्र प्रदर्शन करते हुए विधानसभा के गेट नंबर एक तक पहुंच गए। इसके बाद वहां धरने पर बैठ गए। इस बीच सोमवार शाम को हुए लाठीचार्ज के बाद देवेन्द्र मेहतो की तबियत खराब हो गई। पुलिस प्रदर्शन स्थल से उनको एम्बुलेंस में लेकर गई। कल भाजपा ने झारखंड बंद का आह्वान किया है।

भाजपा ने जेपीएससी-जेएसएससी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के खिलाफ आंदोलन कर रहे छात्रों पर पुलिस लाठीचार्ज के विरोध में 11 अगस्त को झारखंड बंद का आह्वान किया है। पार्टी ने सरकार पर छात्रों की आवाज दबाने का आरोप लगाया है। छात्र आंदोलन के दौरान हुए लाठीचार्ज में जेएलकेएम नेता देवेंद्र नाथ महतो की तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद पुलिस उनको एम्बुलेंस में बैठाकर अपने साथ ले गई।

---

## विंग कमांडर ने पाकिस्तान भेजे थे वीडियो

### साथियों के मोबाइल में भी छेड़छाड़, ऐसे महिला जासूस के संपर्क में आया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार इंडियन एयरफोर्स के विंग कमांडर एम सबरवाल के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस ने कोर्ट में दाखिल चार्जशीट में कहा कि आरोपी विंग कमांडर ने पाकिस्तान की महिला जासूस को एयरफोर्स के ड्रोन व जेट आदि की फोटो व वीडियो भेजी थी। पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार इंडियन एयरफोर्स के विंग कमांडर एम सबरवाल के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस ने कोर्ट में दाखिल चार्जशीट में कहा कि आरोपी विंग कमांडर ने पाकिस्तान की महिला जासूस को एयरफोर्स के ड्रोन व जेट आदि की फोटो व वीडियो भेजी थी। आरोपी विंग कमांडर एम सबरवाल की पाकिस्तान की महिला जासूस से बहुत जल्दी दोस्ती हो गई थी और महिला जो जानकारी मांगती थी विंग कमांडर उसे भेज देता था। स्पेशल सेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हनीट्रैप का शिकार विंग कमांडर का आरोपी महिला से टेलीग्राम के जरिए संपर्क में आया। इसके बाद जल्द ही दोनों की दोस्ती हो गई और दिन रात बात होने लगी। महिला ने खुद को भारतीय महिला बताया था। एक महीने से ज्यादा चली इस दोस्ती में महिला ने विंग कमांडर से काफी रक्षा सूचनाएं ले ली थीं। स्पेशल सेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि विंग कमांडर ने महिला जासूस के कहने पर अपने आठ से 10 सहकर्मियों के मोबाइल में चोरी-छिपे एक खास एप डाउनलोड कर दी थी।

---

## टेंडर में गड़बड़ी मिली तो अधिकारियों की भी तय होगी जिम्मेदारी

### पीडब्ल्यूडी की निविदा प्रक्रिया में बढ़ेगी जवाबदेही, तकनीकी से वित्तीय जांच तक हर स्तर पर होगी निगरानी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

लोक निर्माण विभाग की सड़क और भवन निर्माण परियोजनाओं के टेंडर में अब किसी भी स्तर पर होने वाली चूक संबंधित अधिकारियों को भारी पड़ सकती है। प्रदेशभर के साथ ही उज्जैन जिले में भी पीडब्ल्यूडी की निविदा प्रक्रिया में जवाबदेही तय करने की नई व्यवस्था लागू होगी। अब किसी टेंडर में तकनीकी या वित्तीय खामी सामने आने पर केवल संबंधित ठेकेदार या एजेंसी की जिम्मेदारी नहीं देखी जाएगी, बल्कि यह भी जांचा जाएगा कि निविदा की जांच करने वाली समिति और अधिकारियों ने उस गड़बड़ी को आगे कैसे बढ़ने दिया।

विभाग ने निविदा प्रक्रिया के प्रत्येक चरण की जिम्मेदारी स्पष्ट करते हुए तकनीकी समीक्षा से लेकर वित्तीय मूल्यांकन और राज्य स्तरीय निविदा निराकरण समिति तक प्रस्ताव पहुंचने की प्रक्रिया में अधिकारियों की भूमिका तय कर दी है। जिस स्तर पर चूक सामने आएगी, उसी स्तर की समिति और उसमें शामिल अधिकारियों की जिम्मेदारी निर्धारित की जाएगी। इस संबंध में पीडब्ल्यूडी के उप सचिव एआर सिंह ने सभी प्रमुख अभियंताओं के साथ भवन विकास निगम और मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के अधिकारियों को पत्र जारी किया है। विभाग ने हाल ही में निर्माण कार्यों की निविदाओं की तकनीकी एवं वित्तीय समीक्षा के दौरान सामने आई कमियों को गंभीरता से लिया है। इसी के चलते अधिकारियों को भविष्य में ऐसी गड़बड़ियां दोबारा न होने देने के निर्देश दिए गए हैं।

### उज्जैन में भी टेंडरों की जांच पर रहेगा जोर

उज्जैन जिले में पीडब्ल्यूडी के माध्यम से सड़क, भवन सहित विभिन्न निर्माण कार्यों की निविदाएं जारी की जाती हैं। नई व्यवस्था के बाद इन टेंडरों की जांच प्रक्रिया में भी अधिकारियों को अधिक सतर्कता बरतनी होगी। तकनीकी दस्तावेजों की जांच, पात्रता, दरों के परीक्षण और वित्तीय मूल्यांकन के दौरान सामने आने वाली किसी भी कमी को नजरअंदाज करना अब आसान नहीं होगा।

---

सऊदी अरब में भयानक हादसा

## 16 बांग्लादेशी मजदूरों की मौत



ब्रह्मास्त्र ▸▸ रियाद

सऊदी अरब की राजधानी रियाद के मूसा सनैया इलाके में एक सोफा फैक्ट्री में लगी भीषण आग में 16 बांग्लादेशी नागरिकों की मौत हो गई. बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को हादसे की पुष्टि करते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना जताई है। बताया जा रहा है कि आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही समय में पूरी फैक्ट्री इसकी चपेट में आ गई. हादसे के कारणों का तत्काल पता नहीं चल सका है और सऊदी अधिकारियों की ओर से मामले की जांच की जा रही है।

---

## सौरव गांगुली और पत्नी डोना को जान से मारने की धमकी

### 2 लेटर मिले, लिखा- सबको खत्म कर देंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोलकाता

भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली को जान से मारने की धमकी मिली है। कुरियर से भेजे गए धमकी भरे पत्र में सौरव समेत उनकी पत्नी डोना गांगुली और उनके स्टाफ को जान से मारने की बात कही गई।

गांगुली परिवार ने कोलकाता के ठाकुरपुकुर पुलिस स्टेशन में इसकी शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार सोमवार को बंगाल क्रिकेट संघ के दफ्तर में एक कूरियर पैकेट पहुंचा। इसमें अंग्रेजी में लिखे दो लेटर मिले। इनमें बेहद आक्रामक और हिंसक



भाषा का इस्तेमाल किया गया था। गांगुली परिवार को इस तरह के पत्र पिछले 6 महीने से लगातार मिल रहे थे। शुरूआती दिनों में परिवार ने इन्हें किसी सिरफिरे फैन या निजी नाराजगी जताने वाले व्यक्ति की हरकत समझकर नजरअंदाज कर दिया था। पीटीआई ने मामले की जांच कर रहे एक पुलिस अधिकारी के हवाले से लिखा- हम शिकायत को गंभीरता से ले रहे हैं और जांच जारी है।

---

## 4 साल की बच्ची को 7 कुत्तों ने काटा, सिर में 80 टांके

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पुणे

पुणे जिले के पिंपरी-चिंचवाड़ में सात आवारा कुत्तों ने चार साल की बच्ची पर हमला कर दिया। बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। उसके सिर पर 80 से ज्यादा टांके लगे हुए हैं।

घटना चिखली इलाके में की है। बच्ची के पिता गिरधर मिश्रा के



मुताबिक, बच्ची पास के पेड़ से कुछ पत्तियां लेने के लिए घर से बाहर निकली थी। पेड़ के पास पहुंचते ही कुत्तों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि कुत्तों के झुंड ने करीब 43 सेकेंड तक बच्ची को काटा। उसके हाथों और जांघों पर चोटें आई हैं। बच्ची की चीख सुनकर स्थानीय लोग उसे बचाने के लिए पहुंचे और कुत्तों को वहां से भगाया। घटना का सीसीटीवी फुटेज मंगलवार को सामने आया है।

---

चीन में 150 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से टकराया डॉल्फिन तूफान

## शंघाई में 150 साल में सबसे ज्यादा बारिश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ शंघाई

जापान में तबाही मचाने के बाद डॉल्फिन तूफान अब चीन पहुंच गया है। रविवार देर रात इसने पूर्वी चीन के तटीय इलाकों में दस्तक दी। उस समय इसकी रफ्तार करीब 150 किमी प्रति घंटे थी।

इसके बाद कई शहरों में तेज बारिश शुरू हो गई। सबसे ज्यादा असर शंघाई में दिखा, जहां पिछले 150 साल में सबसे ज्यादा बारिश रिकॉर्ड की गई।

**10 लाख लोग सुरक्षित जगह पहुंचाए गए**



चीनी अधिकारियों के मुताबिक, खतरे को देखते हुए 10 लाख से ज्यादा लोगों को पहले ही सुरक्षित जगहों पर पहुंचा दिया गया था। चीनी मीडिया के मुताबिक अब तूफान कमजोर पड़ रहा है। इसलिए चीन की मौसम एजेंसी ने चेतावनी का स्तर घटा दिया है। हालांकि, लगातार बारिश की वजह से बाढ़ आने का खतरा बना हुआ है। कुछ जगहों पर पहाड़ों से मिट्टी और चट्टानें खिसकने की घटनाएं भी हुई हैं।

### 943 उड़ाने रद्द की गई

शंघाई में भारी बारिश से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। शहर के दो प्रमुख एयरपोर्ट पर सोमवार को 943 उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। दक्षिण-पश्चिम चीन के चेंगदू से रविवार को शंघाई जा रही एक फ्लाइट बारिश के कारण शंघाई में लैंड नहीं कर सकी। विमान को कुछ देर शंघाई के ऊपर चक्कर लगाने के बाद बीजिंग डायवर्ट कर दिया गया। वहां उतरने के बाद विमान रात में चेंगदू लौट गया।

---

## स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से पहली बार गूंजेगा वंदे मातरम्

**नई दिल्ली।** भारत के 80 वें स्वतंत्रता दिवस का समारोह इस बार कई मायनों में ऐतिहासिक होने जा रहा है। 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से होने वाले राष्ट्रीय समारोह में पहली बार एक नया औपचारिक क्रम देखने को मिलेगा। राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् लाल किले की प्राचीर से बजाया जाएगा और इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान होगा। रक्षा मंत्रालय की ओर से समारोह की तैयारियों और कार्यक्रम के नए क्रम की जानकारी सामने आने के बाद इस बदलाव को लेकर देशभर में चर्चा तेज हो गई है। 15 अगस्त 2026 को देश अपना 80वां स्वतंत्रता दिवस मनाएगा। स्वतंत्रता दिवस के इस महत्वपूर्ण पड़ाव को केंद्र सरकार ने देश की उपलब्धियों, युवाओं की क्षमता और भविष्य के भारत की दिशा से जोड़ने की तैयारी की है।

## भारत ने ई-वीजा के लिए 11 नए प्रवेश द्वार खोले

**नई दिल्ली।** भारत ने विदेशी नागरिकों के लिए ई-वीजा व्यवस्था को और आसान बनाते हुए 11 नए अंतरराष्ट्रीय प्रवेश बिंदुओं को इसके दायरे में शामिल किया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सोमवार को इन नए प्रवेश बिंदुओं को अधिसूचित किया. इसके साथ ही भारत में ई-वीजा धारकों के लिए प्रवेश और निकास की सुविधा देने वाले अंतरराष्ट्रीय बंदरगाहों और अन्य प्रवेश बिंदुओं की कुल संख्या बढ़कर 88 हो गई है। सरकार के इस कदम से अब हवाई अड्डों, समुद्री बंदरगाहों, सड़क सीमा चौकियों और अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रवेश बिंदुओं के माध्यम से ई-वीजा लेकर भारत आने वाले विदेशी यात्रियों को अधिक सुविधा मिलने की उम्मीद है।

## अमेरिकी कोर्ट से अडाणी का केस खारिज, 2 साल पहले दर्ज हुआ था

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी अदालत ने गौतम अडाणी के खिलाफ चल रहे रिश्वत और धोखाधड़ी के मामले को खारिज कर दिया। ब्रुकलिन की अमेरिकी जिला अदालत के जज निकोलस गारौफिस ने अमेरिकी न्याय विभाग की केस खत्म करने की मांग मंजूरी दी। गौतम अडाणी पर 2024 में आरोप लगाया गया था कि उन्होंने भारतीय सरकारी अधिकारियों को रिश्वत देने पर सहमति जताई थी, ताकि अडाणी ग्रुप की एक सहायक कंपनी को सोलर एनर्जी प्लांट विकसित करने का ठेका मिल सके। अडाणी ग्रुप ने इन आरोपों से लगातार इनकार किया था। अदालत का फैसला आने के बाद गौतम अडाणी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, मैं न्यायिक प्रक्रिया के प्रति विनम्रता और गहरे सम्मान के साथ अमेरिकी अदालत के फैसले का स्वागत करता हूं।

## उमर के काफिले की गाड़ियों ने पुलिसवालों को कुचलना चाहा

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद के बड़े बेटे उमर से जुड़ा एक और विवाद सुर्खियों में है। उमर के करीबियों ने टोल प्लाजा पर दबंगई और गुंडई दिखाई, जिसका सीसीटीवी सामने आया है। असल में अतीक के छोटे बेटे अबान की मौत के बाद सुपुर्द-ए-खाक में शामिल होने के लिए लखनऊ जेल से उमर को प्रयागराज लाया जा रहा था। इस दौरान पुलिस वैन के पीछे अतीक-उमर के समर्थक 30 से ज्यादा गाड़ियों का काफिला लेकर चले। काफिले की गाड़ियां नवाबगंज टोल प्लाजा पहुंचीं तो टोल के लिए रोका गया। इस दौरान कुछ युवक गाड़ियों से उतरे और टोल का बूम बैरियर तोड़कर उसे हाथ में उठा लिया। इसके बाद एक-एक कर काफिले की गाड़ियां टोल से निकल गईं। टोलकर्मियों ने विरोध किया तो युवकों ने उन्हें धमकाया।

## चीन बोला- भारत का अरुणाचल का मैप जारी करना गलत

**नई दिल्ली।** चीन ने सोमवार को कहा कि भारत का अरुणाचल प्रदेश की 27 जगहों को अपने मैप पर दिखाना गलत है। चीन ने इसे अमान्य करार दिया है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि चीन भारत की ओर से बनाए गए अरुणाचल प्रदेश के मैप को मान्यता नहीं देता। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को अरुणाचल प्रदेश की 27 जगहों और उनकी भौगोलिक विशेषताओं को आधिकारिक नक्शे पर दर्ज किया था। यह कदम चीन की ओर से राज्य की जगहों के नाम बदलने की कोशिशों के बीच उठाया गया है। गृह मंत्रालय के मुताबिक, यह काम अरुणाचल प्रदेश सरकार से सलाह लेकर किया गया है। इसका मकसद इन जगहों की सही पहचान बताना और आम लोगों में जागरूकता बढ़ाना है।

## बेंगलुरु के होटल में शख्स ने 2 बेटियों की गला दबाकर हत्या की

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु के एक 5-स्टार होटल में दो बच्चियों के शव बेड पर मिले, जबकि उनके पिता गंभीर हालत में टॉयलेट में मिले। पुलिस के मुताबिक, 40 साल के एसजी इमरान ने पहले अपनी 10 और 5 साल की बेटियों की गला घोंटकर हत्या की और फिर चाकू से अपना गला काटकर आत्महत्या की कोशिश की। होटल सिक्योरिटी ने उसे मणिपाल अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी हालत गंभीर है। पुलिस के मुताबिक, इमरान अपनी पत्नी के किसी दूसरे व्यक्ति के साथ संबंध होने का शक करता था।




## खबर एक नजर...

### दुर्लभ बीमारी से जूझ रही महिला की रात 3 बजे जटिल सर्जरी कर बचाई जान

**उज्जैन।** श्री मालवा अस्पताल में चिकित्सकों की टीम ने सीलिएक धमनी संपीड़न सिंड्रोम जैसी दुर्लभ व गंभीर बीमारी से जूझ रही एक महिला का रात 3 बजे जटिल ऑपरेशन कर उसकी जान बचाई। इस बीमारी में पेट के महत्वपूर्ण अंगों तक रक्त पहुंचाने वाली धमनी पर दबाव पड़ता है, जिससे मरीज की जान को खतरा पैदा हो गया था। गंभीर हालत में 9 जुलाई को अस्पताल में भर्ती हुई महिला की जांच के दौरान इस बीमारी का पता चला, जिसे मीडियन आर्कुएट लिगामेंट सिंड्रोम भी कहा जाता है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ गैस्ट्रो सर्जन डॉ. राघवेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में तत्काल शल्यक्रिया का निर्णय लिया गया। चिकित्सा टीम में दो रक्तवाहिका विशेषज्ञ, वरिष्ठ बेहोशी रोग विशेषज्ञ डॉ. हरीश शरण सिंह और शल्यकक्ष तकनीशियन शेखर पटेल शामिल रहे, जिन्होंने सफलतापूर्वक इस जोखिमपूर्ण ऑपरेशन को अंजाम दिया। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार वर्तमान में मरीज की स्थिति में सुधार है और उपचार चिकित्सकों की निगरानी में जारी है। अस्पताल के प्रबंधक संदीप सिंह ने उपचार व ऑपरेशन की व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के माध्यम से इस बड़े और जटिल ऑपरेशन का अपेक्षाकृत कम खर्च में सफल होना उज्जैन के चिकित्सा क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।

### विश्व कल्याण व आतंकवाद खात्मे के लिए उर्दू पुरा में महायज्ञ, 7 हजार श्रद्धालुओं ने की प्रसादी ग्रहण

**उज्जैन।** उर्दू पुरा स्थित गुरु ओमकार दास गुरु व्यायाम शाला में 25 वर्ष पूर्ण होने पर विशाल रामायण उत्सव, यज्ञ, महाआरती और भंडारे का आयोजन किया गया। विश्व कल्याण, देशवासियों की सुख-समृद्धि तथा असामाजिक तत्वों व आतंकवाद के खात्मे के संकल्प के साथ महायज्ञ की पूर्णाहूति हुई। आयोजन में लगभग 5 से 7 हजार श्रद्धालुओं ने महाप्रसादी ग्रहण की। पार्षद सपना सांखला ने बताया कि समाजसेवी जितेंद्र सांखला द्वारा विगत 25 वर्षों से हर माह 8 और 9 तारीख को व्यायाम शाला में रामायण पाठ कराया जाता है। इसी श्रृंखला में 25 वर्ष पूरे होने पर इस वर्ष विशेष रूप से रामायण पाठ, महायज्ञ, हनुमान जी की महाआरती और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। महाआरती में ऋण मुक्तेश्वर महादेव के महंत महावीर नाथ महाराज, महापौर मुकेश टटवाल, पूर्व निगम सभापति सोनू गहलोत, शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी, वरिष्ठ पार्षद शिवेंद्र तिवारी, पार्षद हेमंत गहलोत, ओम रामी, गब्बर कुवाल, शहर महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया ठाकुर व अंजू जाटव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक लाल, आनंद मीणा, बबलू खींची, वरिष्ठ नेत्री शशिकला पाठक और युवा कांग्रेस उज्जैन उत्तर अध्यक्ष दीपेश जैन मुख्य रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर अखाड़े के खलीफा हुकुमचंद सांखला, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सलीम खान, वीरेंद्र मंडलोई, प्रमोद श्रीवास्तव, संजय बारिया, ललित बम, मुकेश अजमेरा, संजय जायसवाल, अनुराग पांडे, नवीन कांकरिया, हर्षवर्धन यादव, ललित मीणा, राजेश चौहान, शिव लस्करी, सत्यनारायण राठौर, कमल कौशल, त्रिलोक लस्करी, राजू भाई, सुनील जुनी, सुधीर सांखला, राजा ठाकुर, गोपाल सांखला, वरिष्ठ समाजसेवी गोपाल बगरवाल, संतोष शर्मा, अभिषेक देवड़ा, वीरेंद्र गहलोत, आजम शेख, सभा कुरैशी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक व क्षेत्रीय रहवासी उपस्थित रहे।

### अंकुर साख सहकारी संस्था की साधारण सभा में कुटुंब निधि और समूह बीमा पर मंथन

**उज्जैन।** अंकुर साख सहकारी संस्था मर्यादित की द्वितीय साधारण सभा रविवार को टावर चौक फ्रीगंज स्थित स्काउट गाइड कार्यालय में संपन्न हुई। अध्यक्ष अशोक कुमार मालवीय की अध्यक्षता में आयोजित इस सभा में संस्था का वार्षिक लेखा-जोखा पेश किया गया। सभा में सदस्यों के लिए कुटुंब निधि की स्थापना, सामूहिक (ग्रुप) बीमा और संस्था के भवन निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। स्वागत भाषण और अध्यक्षीय उद्बोधन में अध्यक्ष अशोक कुमार मालवीय ने बताया कि संस्था में वर्तमान में 68 सदस्य हैं, जिनके द्वारा प्रतिमाह अनिवार्य बचत राशि जमा की जा रही है। संस्था ने अब तक 7 सदस्यों को ऋण भी प्रदान किया है। इससे पूर्व साधारण सभा का शुभारंभ डॉ. बीआर आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

### महेश सिंह चौहान स्वस्थ तन-मन योगा क्लब के उपाध्यक्ष नियुक्त

**उज्जैन।** नगर की योग संस्था 'स्वस्थ तन-मन योगा क्लब' की कार्यकारिणी में महेश सिंह चौहान को उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। उनकी यह नियुक्ति संस्था के अध्यक्ष डॉ. राजेश ठाकुर 'निर्झर' द्वारा की गई है। संस्था की मीडिया प्रभारी अश्विनी दुबे ने बताया कि चौहान को यह नवीन दायित्व मिलने पर योग गुरु डॉ. स्वामीनाथ पाण्डेय, डॉ. मनीषा ठाकुर, शिक्षा विभाग के पूर्व जिला योग प्रभारी पी.आर. निगम, सी.पी. जोशी, डॉ. मोनी सिंह, डॉ. बालकृष्ण जोशी, राजेन्द्र श्रीवास्तव, डॉ. जितेन्द्र शर्मा, ऐश्वर्या ठाकुर और डॉ. अजय सिंह भदौरिया ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

# बारिश के बीच उज्जैन पहुंची मालवा अंचल की सबसे बड़ी बोल बम कावड़ यात्रा

### 1500 कावड़ यात्री आज नर्मदा जल से करेंगे महाकाल का जलाभिषेक, रास्तेभर हुआ भव्य स्वागत

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

मालवा अंचल की सबसे बड़ी और ऐतिहासिक बोल बम कावड़ यात्रा सोमवार को तेज बारिश के बीच नरवर से पूजा-अर्चना के बाद बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन पहुंची। यात्रा में शामिल लगभग 1500 कावड़ यात्री मंगलवार सुबह मां नर्मदा के पवित्र जल से बाबा महाकाल का जलाभिषेक करेंगे। भारी बारिश के बावजूद कावड़ियों का उत्साह नहीं डिगा और पूरा मार्ग ह्लदीनबंधु दीनानाथ पानी



बरसा, भोलेनाथह्व के शिवमय जयघोष से गूंजता रहा।

यात्रा के 30वें वर्ष में मार्ग के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं और सामाजिक संगठनों ने कावड़ यात्रियों का आत्मीय स्वागत किया। चंदाना में अंबिका सेव भंडार इंदौर की ओर से कावड़ यात्रियों को साबूदाने की खिचड़ी परोसी गई, वहीं शेर सिंह ठाकुर ने यात्रा प्रमुखों का साफा बांधकर सम्मान किया। इसके बाद चंदेरी में लाल ठाकुर मित्र मंडल ने दूध, महाकाल ग्रुप ने फल तथा भदौरिया परिवार व भारत भूषण पेट्रोल पंप ने यात्रियों का स्वागत कर अल्पाहार कराया।

उज्जैन पहुंचने पर प्रजापति धर्मशाला में पूर्व निगम सभापति प्रकाश चित्तौड़ा, श्री नागर चित्तौड़ा समाज के जवाहर चित्तौड़ा, विक्रम चित्तौड़ा, पुष्पेंद्र चित्तौडा, आदित्य चित्तौडा, हेमन्त गुप्ता सहित समाजजनों ने कावड़ यात्रियों का स्वागत-सत्कार कर साबूदाने की खीर का वितरण किया। सोमवार शाम प्रजापति धर्मशाला में जय शिव महाकाल सेवा समिति देवास एवं इंदौर, श्री नागर चित्तौड़ा समाज के गुप्त दानदाताओं और सीए महेंद्र हैतावल के सहयोग से यात्रियों के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई। यात्रा संयोजक गिरधर गुप्ता, पंडित दीपक शास्त्री और प्रदीप मेहता बरोठा ने बताया कि मंगलवार सुबह 6 से 9 बजे तक सभी कावड़ यात्री बाबा महाकाल का जलाभिषेक करेंगे। धाराजी से उज्जैन तक विभिन्न ग्रामों में श्रद्धालुओं और मातृशक्ति ने मां नर्मदा की पूजा-अर्चना कर यात्रियों के लिए जलपान की व्यवस्था की।

इस ऐतिहासिक यात्रा में देवास, इंदौर, उज्जैन और सीहोर के अलावा अहमदाबाद तथा बिहार से आए श्रद्धालु भी शामिल हुए। आस्था के इस अनूठे संगम में इंदौर के एक सीए और एक प्रसिद्ध व्यापारी भी अपनी पत्नी व बच्चों के साथ कावड़ यात्रा पूरी कर आकर्षण का केंद्र रहे। लंबी दूरी और रास्ते की कठिनाइयों के बीच हर-हर महादेव के जयकारों के साथ यात्रा उज्जैन में संपन्न हुई।

#### निरंकारी महिला समागमः परिवार में प्रेम भाव रखने की दी सीख

## सहनशीलता से घर को स्वर्ग बनाएं महिलाएं

### उज्जैन जोन की 17 ब्रांचों के श्रद्धालु हुए शामिल, नाटकों और भजनों के माध्यम से दी सद्गुरु की सीख

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

संत निरंकारी मंडल दिल्ली के उज्जैन जोन 25 की रतलाम ब्रांच के तत्वावधान में रविवार 9 अगस्त को जोनल स्तरीय विशाल महिला संत समागम संपन्न हुआ। वीरियाखेड़ी रोड स्थित सिंधु नगर के गुरु नानक धाम परिसर में आयोजित इस समागम में उज्जैन जोन की 11 रजिस्टर्ड और 6 अनरजिस्टर्ड ब्रांचों की साध-संगत ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जयपुर से आईं सुशीला शर्मा ने की।

कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 10 बजे हरदेव पाठ से हुई। इसके पश्चात महिलाओं ने गीत, कविता, कवि दरबार और नाटकों के माध्यम से सद्गुरु माता सुदीक्षा जी की सीख प्रस्तुत की। समागम में मराठी भाषा में गीत, कन्नड़ में विचार, आदिवासी भाषा में भजन और हिंदी में



नाटक की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। मीडिया सहायक विनोद गज्जर ने बताया कि समागम में मेघनगर, पेटलावद, नीमच, मंदसौर, नागदा, देवास, खड़ावदा, गरोठ, मनासा और उज्जैन सहित विभिन्न ब्रांचों से महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हुए।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में सुशीला शर्मा ने नारी सम्मान पर जोर देते हुए कहा कि समर्पण से ही जीवन संवरता है। उन्होंने महिलाओं को एक बेटी, बहू, मां, सास और बहन के रूप में परिवार में प्रेम भाव रखने की सीख दी। उन्होंने कहा कि परिवार में खुश रहने का मूल मंत्र सहनशीलता है। जो सहन कर लेता है, वह जीवन में सब कुछ पा लेता है। निरंकार को अपने हर काम में शामिल करने से वह कार्य सुंदर तरीके से पूरा होता है।

समागम के सफल आयोजन में सेवा दल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सेवा दल द्वारा रेलवे स्टेशन से श्रद्धालुओं को सत्संग स्थल तक लाने और वापस छोड़ने के साथ ही सभी के लिए स्वल्पाहार एवं चाय की विशेष व्यवस्था की गई। कार्यक्रम के अंत में जोनल इंचार्ज राजकुमार गंगवानी ने सभी बहनों और साध-संगत का आभार व्यक्त किया।

### श्री हिरदेश्वर महादेव मंदिर में लगेगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**उज्जैन।** युवा मंच सत्संग समिति द्वारा हरियाली अमावस्या के अवसर पर जीरो पॉइंट ब्रिज के समीप हीरा मील परिसर स्थित श्री हिरदेश्वर महादेव मंदिर में विभिन्न धार्मिक, सामाजिक एवं सेवा गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, संगीतमय भजन संध्या, पौधारोपण, साड़ी वितरण एवं विशाल भंडारा आयोजित होगा।

समिति पदाधिकारियों के अनुसार सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य व नेत्र शिविर में आंखों की जांच, मोतियाबिंद ऑपरेशन, शुगर, ब्लड प्रेशर जांच एवं पेट रोग विशेषज्ञों द्वारा परामर्श दिया जाएगा। इस दौरान नाश्ते की व्यवस्था भी रहेगी। दोपहर 2 बजे पौधारोपण किया जाएगा। इसके उपरांत दोपहर 2 से 4 बजे तक श्री चरण दास के मुखारविंद से संगीतमय रामायण पाठ एवं भजन संध्या होगी।

## बुजुर्गों की उपेक्षा पर प्रहार कर दर्शकों को भावुक कर गया नाटक 'वापसी'

### कालिदास अकादमी में सिन्धू प्रवाह अकादमी की सशक्त प्रस्तुति

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

प्रसिद्ध कहानीकार उषा प्रियंवदा की कहानी पर आधारित नाटक 'वापसी' ने दर्शकों की संवेदनाओं को झकझोर कर रख दिया। सिन्धू प्रवाह अकादमी की ओर से कालिदास अकादमी के पंडित सूर्य नारायण व्यास संकुल में इसका सफल मंचन किया गया। यह नाटक समाज और परिवार में बुजुर्गों की हो रही उपेक्षा और पारिवारिक स्वार्थ को गहराई से रेखांकित करता है।

नाटक में दिखाया गया कि कैसे पूरा परिवार अपनी हर आवश्यकता की पूर्ति का दायित्व घर के पुरुष का ही समझता है, लेकिन बुजुर्गों के प्रति अपने कर्तव्यों से मुंह मोड़ लेता है। इस प्रस्तुति ने घर में बुजुर्गों के वर्तमान हालात पर कई सवाल खड़े किए।

नाट्य रूपांतरण, परिकल्पना और निर्देशन के साथ-साथ मुख्य पात्र घनश्याम दास की भूमिका वरिष्ठ रंगकर्मी कुमार किशन ने निभाई। उनके सशक्त अभिनय ने दर्शकों को अंत तक बांधे रखा। जेठानंद के किरदार में विजय भागचंदानी और नरेंद्र के रूप में रोहित सामदानी ने सधा हुआ अभिनय किया। वहीं नवोदित कलाकार हेमा खत्री ने निर्मला की भूमिका निभाकर सिंधी रंगमंच पर एक सशक्त अभिनेत्री के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

मंचन कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता रूप पमनानी, पुष्पा कोटवानी और सुप्रसिद्ध मालवी साहित्यकार डॉ. शिव चौरसिया बतौर अतिथि उपस्थित थे। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी गोपाल राचवानी ने सिन्धू प्रवाह अकादमी को 5000 रुपये की सहयोग राशि भेंट की।

कार्यक्रम का सफल संचालन राजकुमार परसवानी ने किया। नाटक में घनश्याम दास की भूमिका कुमार किशन, मूला की अमर तोलानी, जेठानंद की विजय भागचंदानी, युवा घनश्याम की शांतनु भागचंदानी, युवा निर्मला की रिद्धि सोनी और निर्मला की भूमिका हेमा खत्री ने निभाई।

## डॉ. गुप्त की रचनाओं में राष्ट्रीय चेतना, नैतिकता और भारतीय संस्कृति की छाप



### राष्ट्रकवि डॉ श्री मैथिली शरण जी गुप्त जयंती समारोह संपन्न

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

डॉ. मैथिली शरण गुप्त की रचनाओं में राष्ट्रीय चेतना, नैतिकता, और भारतीय संस्कृति की गहरी छाप मिलती है. राष्ट्र पिता महात्मा गांधी ने उनकी देशभक्ति पूर्ण रचना भारत-भारती से प्रभावित होकर उन्हें 'राष्ट्रकवि' की उपाधि दी थी। डॉ. गुप्त हर साहित्यकार के लिए हमेशा प्रेरणा स्तोत्र रहेंगे.

ये विचार पूर्व संभाग आयुक्त एवं कुलपति डॉ. मोहन गुप्त ने श्री गहोई वैश्य समाज उज्जैन द्वारा राष्ट्रकवि डॉ. मैथिलीशरण गुप्त जी की140 वे जयंती समारोह में व्यक्त किए। कार्यक्रम के शुभारंभ में मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती पूजन एवं राष्ट्रकवि गुप्त जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। मुख्य अतिथि का स्वागत एवं सम्मान श्री नागेश गुप्ता( अध्यक्ष), श्री सुभाष गुप्ता, महेंद्र रूसिया, डॉ विनोद गुप्ता, श्री मनीष गुप्ता, श्री राजेश कनकने, श्री आनन्द गुप्ता, एवं महिला मंडल पदाधिकारियों द्वारा शाल, श्री फल एवं सम्मान पत्र भेंट कर किया गया। डॉ गुप्त ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रकवि डॉ. मैथिली शरण गुप्त के साहित्यिक एवं सामाजिक अवदान के बारे में विस्तार से बताया और उनके द्वारा उल्लिखित रचनाओं, महाकाव्य का वर्णन भी किया। इस अवसर पर श्री हरि प्रकाश कनकने जी को (वरिष्ठ नागरिक सम्मान), श्रीहरि ओम चपरा जी को (सेवा निवृत सम्मान), श्री मति डॉ अनुराधा गुप्ता जी को (उच्च शिक्षा सम्मान), श्री स्वराज गुप्ता जी को (उच्च शिक्षा चयन सम्मान), एवं कु अनवी कनकने को(होनहार विद्यार्थी सम्मान ), मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया।

#### 30 को दिल्ली में होगा महिला किसान सम्मेलन

## गांव की चौपाल से तय हो देश की किसान हितैषी नीति

### भारतीय किसान संघ की अखिल भारतीय प्रबंध समिति की बैठक में बनेगी आगामी रणनीति

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**



गांव की चौपाल पर होने वाली चचाओं के आधार पर देश की कृषि नीतियां बननी चाहिए। इसी उद्देश्य को लेकर भारतीय किसान संघ की दो दिवसीय अखिल भारतीय प्रबंध समिति की बैठक उत्तर प्रदेश के मेरठ स्थित माधव कुंज परिसर में संपन्न हुई। भारतीय किसान संघ के प्रांत महामंत्री भारत सिंह बैस ने बताया कि बैठक में आगामी 30 सितंबर को दिल्ली में होने वाले महिला किसान सम्मेलन और सदस्यता अभियान को लेकर विस्तृत रणनीति तय की गई है।

अखिल भारतीय महामंत्री मोहिनी मोहन मिश्र ने बताया कि आगामी वर्ष को सदस्यता वर्ष के रूप में मनाया जाएगा और संगठन का विस्तार गांवों तक किया जाएगा। 30 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय महिला किसान वर्ष के उपलक्ष्य में दिल्ली में एक विशाल महिला किसान सम्मेलन आयोजित होगा। इसमें देशभर से हजारों महिलाएं शामिल होंगी। सम्मेलन में गौ आधारित जैविक खेती, विषमुक्त भोजन, रोगमुक्त जीवन, स्वावलंबन और परिवार प्रबोधन जैसे विषयों पर मंथन होगा। किसान संघ ने एथेनॉल नीति का समर्थन करते हुए स्पष्ट किया कि इससे किसानों की आय बढ़ने के साथ पर्यावरण में सुधार हुआ है और यह विदेशी मुद्रा बचाने का बड़ा कदम है। महामंत्री मिश्र ने कहा कि जब भी किसानों को उपज का अच्छा मूल्य मिलने की संभावना होती है, कुछ किसान विरोधी तत्व महंगाई का नाम लेकर हंगामा करने लगते हैं, ताकि किसानों को उचित लाभ न मिल सके। अधिक उत्पादन के नाम पर जीन एडिट धान की खेती का किसान संघ ने कड़ा विरोध किया है। संघ का मानना है कि जिस तरह बीटी कपास ने स्वावलंबन खत्म कर कपास की खेती को बर्बाद किया, वही साजिश अब चावल को लेकर की जा रही है। भारतीय किसान संघ इसकी घोर निंदा करता है।

बैठक में भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर भी चर्चा हुई। सरकार ने आश्वासन दिया है कि कृषि, डेयरी और फिशरी के संबंध में कोई समझौता नहीं होगा। किसान संघ ने स्पष्ट किया है कि जब भी इस मुद्दे पर वार्ता शुरू होगी, संगठन किसानों के हितों को लेकर इस पर कड़ी नजर रखेगा। प्रबंध समिति की बैठक में अखिल भारतीय अध्यक्ष के साईं रेड्डी, महामंत्री मोहिनी मोहन मिश्र, उपाध्यक्ष राम भरोस वासोतिया, पेरुमल, विशाल चंद्राकर, सुशीला विश्नोई, कोषाध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल, संगठन मंत्री दिनेश कुलकर्णी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख व किसान संघ के संपर्क अधिकारी रामलाल मौजूद रहे। राजेंद्र पालीवाल, गिरजादेवी ठाकुर, कमल सिंह आंजना, लक्ष्मीनारायण पटेल, रमेश दांगी, अतुल माहेश्वरी, दिनेश शर्मा और शांति लाल शर्मा ने भी सहभागिता की।

#### सत्य साधना मौन ध्यान शिविर का चतुर्थ दिवस

## संवेदनाओं को समता से देखना ही सत्य दर्शन की साधना : जिनचंद्रसूरिजी

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

सत्य साधना मौन ध्यान शिविर के चतुर्थ दिवस साधकों ने सत्य दर्शन की साधना को और अधिक गहराई से समझते हुए शरीर में प्रतिपल उत्पन्न होने वाली संवेदनाओं (सेंसेशन) के प्रति सजग रहने और उन पर बिना राग-द्वेष के समता बनाए रखने का अभ्यास किया।साधकों को समझाया गया कि शरीर और मन के स्तर पर घटने वाली प्रत्येक घटना को केवल देखना-जानना और उसके प्रति प्रतिक्रिया रहित रहना साधना को गहराई प्रदान करता है।

जैनाचार्य श्रीपूज्य गुरुदेव श्री जिनचंद्र सूरि जी महाराज साहब ने साधकों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि सत्य दर्शन केवल किसी सत्य को बौद्धिक रूप से जान लेने का विषय नहीं है,बल्कि अपने भीतर प्रतिक्षण घट रहे सत्य को उसके वास्तविक स्वरूप में अनुभव करने की साधना है।शरीर में संवेदनाएँ उत्पन्न होती रहती हैं।साधक इन संवेदनाओं को सुखद या दुःखद मानकर उनमें राग अथवा द्वेष पैदा करने के स्थान पर सजगता और समता से उन्हें देखना सीखता है।

उन्होंने कहा कि जिन द्वारों से आश्रव होता है,उन्हीं द्वारों पर सजगता रखकर आश्रव को रोका भी जा सकता है।इसे सीढ़ी के उदाहरण से समझा जा सकता है–सीढ़ी एक ही होती है,लेकिन उसी से नीचे भी उतरा जा सकता है और ऊपर भी चढ़ा जा सकता है।इसी प्रकार इंद्रियां और उनके विषय यदि असजगता,आसक्ति और प्रतिक्रिया के कारण बनें तो कर्मबंध की दिशा में ले जाते हैं,किंतु उन्हीं के प्रति सजगता और समता विकसित हो जाए तो वे आत्मशुद्धि की यात्रा में सहायक बनते हैं।

### नए कर्मबंध को रोकने और पुराने कर्मों से मुक्त होने की दिशा

गुरुदेव ने कहा कि सत्य दर्शन की साधना में साधक शरीर में होने वाली प्रत्येक संवेदना के प्रति सजग रहते हुए समता का अभ्यास करता है।संवेदना सुखद हो या दुःखद,तीव्र हो या मंद–उसे केवल जानना है,उसके प्रति प्रतिक्रिया नहीं करनी है।यह अभ्यास धीरे-धीरे पुराने कर्मबंध से मुक्त होने और नए कर्मबंध को रोकने की दिशा में साधक को आगे बढ़ाता है।

मन,इंद्रियों और उनके विषयों के परस्पर संपर्क से शरीर में विभिन्न प्रकार की संवेदनाएँ उत्पन्न होती हैं।सामान्यतः मनुष्य इन संवेदनाओं के अनुकूल होने पर राग और प्रतिकूल होने पर द्वेष की प्रतिक्रिया करता है।यही प्रतिक्रिया नए संस्कार और कर्मबंध का कारण बनती जाती है।सत्य साधना में साधक इसी क्रम को सजगता से देखना प्रारंभ करता है।

साधना का उद्देश्य संवेदनाओं से भागना या उन्हें दबाना नहीं,बल्कि उनके बीच अपनी समता को पुष्ट करना है।साधक अपनी ऊर्जा प्रतिक्रिया में व्यय करने के बजाय समभाव को सुदृढ़ करने में लगाता है।धीरे-धीरे उसके भीतर यह समझ विकसित होती है कि जो कुछ उत्पन्न हुआ है,वह परिवर्तनशील है।उसे पकड़ने या उससे संघर्ष करने के स्थान पर सजग होकर देखना और जानना है।

गुरुदेव ने साधकों को समझाया कि साधना के दौरान मन सदैव शांत ही रहेगा,ऐसा नहीं है।कभी विचारों की आंधी आती है,कभी बेचैनी,कभी आलस्य,तो कभी मन पुराने राग-द्वेष का कचरा सामने लाता है।कभी भूतकाल की स्मृतियां मन को घेरती हैं तो कभी भविष्य की कल्पनाओं के ताने-बाने बनने लगते हैं।

इन परिस्थितियों को साधना में बाधा मानकर विचलित होने के बजाय साधक को इन्हें भी सजगता से देखना सीखना चाहिए।मन में विचार आया तो उसे जानें,बेचैनी आई तो उसे जानें,आलस्य आया तो उसे भी जानें। इनके कारण शरीर में जो संवेदनाएँ उत्पन्न हो रही हैं,उनके प्रति समता बनाए रखें। प्रतिक्रिया नहीं करते हुए सजग बने रहने का निरंतर अभ्यास ही साधक को साध्य की ओर अग्रसर करता है।

उन्होंने कहा कि साधक जब विषम परिस्थितियों में भी सजगता को प्राथमिकता देता है,तब उसकी साधना वास्तविक अर्थों में पुष्ट होने लगती है।अनुकूलता में शांत रहना सरल है,लेकिन प्रतिकूल संवेदना,विचार अथवा मनःस्थिति के बीच भी समभाव बनाए रखना साधना की कसौटी है।

### विद्यार्थियों को बांटी शैक्षणिक सामग्री

**उज्जैन।** समाज सेवा को संकल्पित संगठन 'प्रोजेक्ट मुस्कान' द्वारा 9 अगस्त को शासकीय माध्यमिक विद्यालय कोठी में छात्र-छात्राओं को नोटबुक, पेन और मिठाई का वितरण किया गया। संस्था ने विद्यालय के कार्यालयीन उपयोग के लिए एक प्रिंटर-फोटोकॉपियर भी प्रदान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रोजेक्ट मुस्कान के अध्यक्ष प्रदीप सक्सेना, मार्गदर्शक विजय जैन बंबोरी, रविंद्र जेठवा, सचिव अमित श्रीवास्तव और विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अर्चना वधेका ने दीप प्रज्वलित कर व मां शारदा के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।


### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार युनुस खान पिता छुट्टन खान, निवासी 80, नेहरू नागझिरी देवास रोड़ उज्जैन के द्वारा अपने पुत्र जावेद खान पिता युनुस खान जो कि विवाह के दो महिने के पश्चात से ही मेरे पक्षकार से पृथक निवास कर रहा है तथा मेरा पक्षकार अपने पुत्र व अपनी बहू के द्वारा निरंतर रूप से किये जा रहे विवाद के कारण काफी मानसिक रूप से प्रताड़ित रहता है इस कारण भी मेरा पक्षकार अपने पुत्र को भी अपने से पृथक कर दिया है तथा अब वर्तमान मे मेरे पक्षकार का अपने पुत्र से वर्तमान में किसी भी प्रकार का कोई संबंध नही है यदि मेरे पक्षकार के पुत्र से कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का कोई संबंध या संव्यवहार करता है तो उसकी किसी भी प्रकार की कोई जिम्मेदार मेरे पक्षकार की नही होगी। यदि इस संबंध में किसी भी व्यक्ति की कोई आपति हो तो वह मेरे कार्यालय में आकर 03 दिवस में सम्पर्क करे, उसके पश्चात मेरे पक्षकार की किसी भी प्रकार की कोई जवाबदारी नही होगी। सूचित हो। दिनांक 10/08/2

**देवेन्द्रसिंह सेंगर एडवोकेट उज्जैन**
**सनशाइन टावर, द्वितीय मंजिल**
**फ्रीगंज उज्जैन**
**मोबाइल 9425379156**

उज्जैन
मंगलवार
11
अगस्त, 2026

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

धृतिः क्षमा दमोऽस्तेयं शौचं मिन्द्रियनिग्रहः। धी विद्या सत्यमक्रोधो दशकं धर्म लक्षणम्॥

अर्थ- बोध की शक्ति, क्षमा, शक्ति, अस्तेय (चोरी न करना), शौच, इन्द्रियों पर नियंत्रण, बुद्धि, विद्या, सत्य, क्रोध-ये दस धर्मों के लक्षण हैं।

## खबर एक नजर...

### इंजीनियर युवक की नहीं मिली जानकारी

**इंदौर।** बेंगलुरु के नेलामंगला स्थित शिवगंगे पहाड़ियों में ट्रेकिंग के लिए गया इंदौर का 31 वर्षीय युवक अद्वैत उपाध्याय लापता हो गया। वह बेंगलुरु के बेगुर इलाके में रहकर एक फाइनेंस कंपनी में नौकरी करता था। शुक्रवार सुबह पहाड़ी की तलहटी तक पहुंचने के बाद उसने किराए की बाइक खड़ी की और ट्रेकिंग के लिए पहाड़ी पर चला गया। इसके बाद उसका कोई पता नहीं चला। सोमवार तक भी युवक की जानकारी नहीं मिलने पर पुलिस और स्थानीय प्रशासन ने तलाश अभियान तेज कर दिया है। अद्वैत ने ट्रेकिंग पर जाने से पहले अपनी मंगेतर को इसकी जानकारी दी थी। शुक्रवार सुबह करीब 6.30 बजे वह बाइक से शिवगंगे पहाड़ी की तलहटी पहुंचा। बाइक वहीं खड़ी करने के बाद उसने पहाड़ी की ओर चढ़ाई शुरू की। पुलिस को मिले उउळश फुटेज में भी वह पहाड़ी की तरफ जाता दिखाई दे रहा है। इससे उसके पहाड़ी क्षेत्र में पहुंचने की पुष्टि हुई है। हालांकि, इसके बाद उसका कोई सुराग नहीं मिला। कुछ समय बाद उसका मोबाइल फोन भी बंद हो गया। शिवगंगे पहाड़ियों का इलाका घना और ऊबड़-खाबड़ होने के कारण तलाश अभियान में पुलिस डॉग स्क्वॉड की मदद ले रही है। इसके साथ ही ड्रोन से भी पहाड़ी और आसपास के क्षेत्रों की निगरानी की जा रही है। अलग-अलग टीमों को संभावित स्थानों पर भेजकर सर्चिंग कराई जा रही है। पुलिस ने आसपास के थानों को भी युवक के लापता होने की सूचना देकर अलर्ट किया है। फिलहाल अद्वैत के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है।

### पड़ोसी के खिलाफ नाबालिग ने की शिकायत

**इंदौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र में एक नाबालिग छात्रा के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पड़ोसी पर काम के बहाने बच्ची को अपने घर बुलाकर गलत तरीके से छूने का आरोप है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। लसूड़िया इलाके में रहने वाली नाबालिग ने बताया कि रविवार को उसकी छुट्टी थी और माता-पिता काम पर बाहर गए हुए थे। घर पर उसके छोटे भाई और बहन थे। दोपहर करीब 3 बजे पड़ोसी खेतसिंह मेहरा ने पत्नी के घर पर न होने का हवाला देकर उसे बर्तन साफ करने के बहाने अपने घर बुलाया। छात्रा जब काम कर रही थी, तभी खेतसिंह पीछे से आया और उसे गलत तरीके से छूने लगा। जब उसने छात्रा को जोर से पकड़ा तो वह रोने लगी। इसी दौरान बच्ची की आवाज सुनकर परिचित वहां पहुंचे। उन्हें देखकर आरोपी छात्रा पर चिल्लाने लगा। छात्रा ने परिचितों को पूरी घटना बताई, जिसके बाद उन्होंने उसके माता-पिता को सूचना दी। काम से वापस लौटने पर माता-पिता पीड़िता को लेकर सीधे लसूड़िया थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने नाबालिग की शिकायत पर खेतसिंह मेहरा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है और मामले की जांच की जा रही है।

### हाईकोर्ट में अब तीन बेंच सुनेंगी जमानत के मामले

**इंदौर।** जमानत आवेदनों की बढ़ती संख्या और सुनवाई में लग रहे समय को देखते हुए इंदौर हाईकोर्ट में अब जमानत मामलों की सुनवाई के लिए एक और बेंच उपलब्ध होगी। हाईकोर्ट रजिस्ट्रार की ओर से जारी नए रोस्टर के तहत जबलपुर के जस्टिस राजेंद्र कुमार वाणी (आरके वाणी) 10 अगस्त से इंदौर में जमानत मामलों की सुनवाई करेंगे। यह व्यवस्था अगले आदेश तक जारी रहेगी।अब तक इंदौर हाईकोर्ट में जमानत से जुड़े मामलों की सुनवाई दो बेंच कर रही थीं। इनमें जस्टिस गजेंद्र सिंह और जस्टिस पवन कुमार द्विवेदी शामिल हैं। नए रोस्टर के बाद जमानत मामलों की सुनवाई के लिए कुल तीन बेंच उपलब्ध हो जाएंगी। इंदौर हाईकोर्ट में जमानत मामलों की संख्या काफी अधिक है। प्रतिदिन करीब 800 से 900 जमानत आवेदन सूचीबद्ध किए जाते हैं। सीमित समय में दो बेंच के जरिए इतनी बड़ी संख्या में मामलों की सुनवाई करना चुनौतीपूर्ण हो रहा था। इसके चलते कई मामले सूची में शामिल होने के बावजूद उसी दिन सुनवाई तक नहीं पहुंच पाते थे। अब तीसरी बेंच के जुड़ने से मामलों का बंटवारा अधिक प्रभावी तरीके से किया जा सकेगा। इससे जमानत आवेदनों की सुनवाई में तेजी आने और लंबित मामलों का दबाव कम होने की उम्मीद है। रजिस्ट्रार की ओर से जारी आदेश के अनुसार जस्टिस आरके वाणी 10 अगस्त से इंदौर में जमानत मामलों की सुनवाई करेंगे। यह व्यवस्था अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी। उनके जुड़ने के साथ ही इंदौर हाईकोर्ट में जमानत मामलों की सुनवाई के लिए तीन बेंच काम करेंगी।

### इंदौर में युवती ने जहर खाकर दी जान

**इंदौर।** इंदौर के चंदन नगर इलाके में 18 साल की एक युवती ने जहर खाकर जान दे दी। युवती ने कुछ दिन पहले मेहंदी से अपने हाथ पर एक युवक का नाम लिखा था। शनिवार देर रात परिवार के सोने के बाद उसने आत्मघाती कदम उठाया। रविवार शाम उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामला जांच में लिया है। चंदन नगर पुलिस के मुताबिक, मृतका रानी (18) पुत्री कन्हैयालाल, निवासी नांवदा पथ, शनिवार रात करीब 1 बजे तबीयत बिगड़ने पर एमवाय अस्पताल लाई गई थी। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजन ने बताया कि रानी 10वीं तक पढ़ी थी और इलाके की एक फैक्ट्री में काम करने जाती थी। शनिवार को उसने परिवार के साथ खाना खाया। इसके बाद मोबाइल पर बात की और सोने चली गई। रात में उसकी मां ने उसे अचानक तबीयत बिगड़ी हालत में देखा।

---

सिंध डेयरी में बिना वैध निर्माण लाइसेंस बन रहा था पनीर-दही-घी, जांच रिपोर्ट के बाद होगी कार्रवाई

# खराब क्वालिटी की आशंका में 535 किलो घी-पनीर जब्त

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशासन की ओर से चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सोमवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कुल करीब 535 किलोग्राम खाद्य पदार्थ जब्त किए गए, जिनकी अनुमानित कीमत तीन लाख रुपए से अधिक है। अधिकारियों ने अलग-अलग प्रतिष्ठानों से घी, पनीर, समोसे, चटनी सहित अन्य खाद्य पदार्थों के नमूने भी जांच के लिए लिए।

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने चंदन नगर स्थित सिंध डेयरी फार्म, मुराई मोहल्ला का निरीक्षण किया। मौके पर प्रतिष्ठान प्रभारी दीपेश गुरनानी मौजूद मिले। निरीक्षण में यहां पनीर, दही और घी का निर्माण करने के साथ दूध, दही, पनीर और घी का थोक एवं रिटेल विक्रय पाया गया। जांच के दौरान खाद्य पदार्थों के निर्माण के लिए वैध लाइसेंस उपलब्ध नहीं पाया गया। प्रतिष्ठान का लाइसेंस केवल थोक एवं रिटेल विक्रय के लिए वैध पाया गया। परिसर में घी प्लेन टिन में रखा मिला, जिस पर खाद्य पदार्थ से संबंधित आवश्यक जानकारी अंकित नहीं थी। प्रतिष्ठान प्रभारी ने बताया कि कभी-कभी उनके यहां घी बनाया जाता है, जबकि मौके पर रखा घी बाहर से खरीदकर बिक्री के लिए लाया गया था। हालांकि, घी की खरीदी से संबंधित कोई बिल भी प्रस्तुत नहीं किया गया। अधिकारियों ने मौके से घी और पनीर के दो नमूने जांच के लिए लिए। गुणवत्ता संदिग्ध पाए जाने पर करीब 149 किलो घी और 103 किलो पनीर जब्त कर लिया गया। वहीं, वैध निर्माण लाइसेंस नहीं होने के कारण प्रतिष्ठान में खाद्य पदार्थों का निर्माण कार्य लाइसेंस प्राप्त होने तक तत्काल प्रभाव से बंद करा दिया गया।

**सियागंज में 28 किलो घी सील-** एक अन्य कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने सियागंज स्थित मैसर्स कमलेश ट्रेडर्स, संचालक कमलेश गुप्ता, का औचक निरीक्षण किया। यहां महीसागर घी, निर्माता तिरुपति फूड प्रोडक्ट, गांधीनगर, गुजरात का नमूना जांच के लिए लिया गया। घी की गुणवत्ता संदिग्ध पाए जाने पर करीब 28 किलो घी की 56 यूनिट को मौके पर सील कर जब्त किया गया। इसका नमूना भी जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। फोसकोस पोर्टल पर प्राप्त शिकायत के आधार पर कैलाश पार्क कॉलोनी, बड़ी ग्वालटोली स्थित आशुतोष बॉयज हॉस्टल का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने यहां रॉ मैटेरियल और तैयार खाद्य पदार्थों के कुल तीन नमूने जांच के लिए लिए। हॉस्टल संचालक को परिसर में साफ-सफाई और स्वच्छता व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।






### पालदा में 255 किलो घी सील

इसी अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की एक अन्य टीम ने पालदा बारदान मंडी स्थित नारायण इंटरप्राइजेज का निरीक्षण किया। यहां किंग घी और राधा माधव घी के दो नमूने जांच के लिए लिए गए। मौके पर 15 किलो क्षमता के 17 डिब्बों में करीब 255 किलो घी रखा मिला। गुणवत्ता संदिग्ध होने पर इसे जांच रिपोर्ट आने तक जब्त कर लिया गया। जब्त घी की अनुमानित कीमत 1.53 लाख रुपए बताई गई है।

### 535 किलो खाद्य सामग्री जब्त, रिपोर्ट के बाद होगी वैधानिक कार्रवाई

खाद्य सुरक्षा प्रशासन के अनुसार, एक दिन की इन विभिन्न कार्रवाईयों में करीब 535 किलो खाद्य सामग्री जब्त की गई है, जिसकी अनुमानित कीमत तीन लाख रुपए से अधिक है। सभी खाद्य नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 तथा इसके तहत बनाए गए नियमों के अनुसार संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने बताया कि जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए यह विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा।

---

एबीवीपी-एनएसयूआई के सामने जयस उतारेगा उम्मीदवार, आदिवासी युवाओं को देगा मौका

# 9 साल बाद छात्रसंघ चुनाव, मुकाबला होगा त्रिकोणीय

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

मप्र की कॉलेज राजनीति में अब तक मुख्य मुकाबला भाजपा के छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और कांग्रेस के ठरवक के बीच रहा है। लेकिन इस बार छात्रसंघ चुनाव में पहली बार जय आदिवासी युवा शक्ति (जयस) भी सीधे मैदान में उतरने जा रहा है।

जयस ने प्रदेश के सभी कॉलेजों में उम्मीदवार उतारने की तैयारी शुरू कर दी है। संगठन की ओर से खासतौर पर आदिवासी समाज के युवाओं को उम्मीदवार बनाने की रणनीति तैयार की जा रही है। नौ साल बाद मध्य प्रदेश में छात्र संघ के चुनाव होने जा रहे हैं।

जयस की छात्र राजनीति में एंट्री से उन कॉलेजों में चुनावी समीकरण बदल सकते हैं, जहां आदिवासी विद्यार्थियों की संख्या बड़ी है। अब तक इन विद्यार्थियों को अपने साथ जोड़ने के लिए एबीवीपी और एनएसयूआई के बीच मुकाबला रहता था। जयस के सीधे मैदान में आने से पहली बार इन दोनों संगठनों के सामने आदिवासी विद्यार्थियों के बीच अपनी पकड़ बनाए रखने की चुनौती होगी।

**आदिवासी दिवस पर छात्र राजनीति में उतरने का ऐलान-** जयस की कॉलेज राजनीति में एंट्री का ऐलान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकेश मुजाल्दे ने रविवार को आदिवासी दिवस के मौके पर इंदौर में आयोजित कार्यक्रम में किया। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जयस अब कॉलेजों में भी विद्यार्थियों की आवाज बनेगा और छात्रसंघ चुनाव में संगठन अपने उम्मीदवार उतारेगा। जयस छात्र संगठन के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल बघेल ने बताया कि संगठन पूरे प्रदेश के कॉलेजों में चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए जल्द ही कॉलेज स्तर पर विद्यार्थियों से संपर्क अभियान शुरू किया जाएगा।

**मालवा-निमाड़ से शुरू होगा अभियान-** जयस के पदाधिकारी सबसे पहले मालवा और निमाड़ क्षेत्र के कॉलेजों का दौरा करेंगे, इन क्षेत्रों में आदिवासी विद्यार्थियों की संख्या अधिक है। यहां विद्यार्थियों से सीधे संवाद कर छात्र समस्याओं और स्थानीय मुद्दों की जानकारी ली जाएगी। इसके बाद प्रदेश के दूसरे जिलों में अभियान चलाया जाएगा। बाबूलाल बघेल ने कहा जयस पूरे प्रदेश के सभी कॉलेजों में मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगा। छात्रसंघ चुनाव की तैयारी लंबे समय से चल रही है। पूरे प्रदेश में जहां आदिवासी समाज के विद्यार्थी पढ़ते हैं, वहां जाएंगे और विद्यार्थियों से संपर्क करेंगे। हमें उम्मीद है कि जहां भी विद्यार्थी पढ़ रहे हैं, वहां हमारी जीत होगी।



### आदिवासी विद्यार्थियों पर फोकस

जयस की रणनीति का सबसे बड़ा फोकस आदिवासी विद्यार्थियों पर रहेगा। प्रदेश के कई कॉलेजों और यूनिवर्सिटी में आदिवासी समाज के विद्यार्थी बड़ी संख्या में पढ़ते हैं। संगठन इन्हीं विद्यार्थियों के बीच अपना आधार मजबूत करने की तैयारी कर रहा है। छात्रवृत्ति, रोजगार, प्रतियोगी परीक्षाओं, बैकलॉग पदों और कॉलेजों से जुड़ी स्थानीय समस्याओं को अभियान में प्रमुखता दी जाएगी।

### बैकलॉग भर्ती और पटवारी परीक्षा के मुद्दे पहले से उठा रहा जयस

छात्र राजनीति में उतरने से पहले भी जयस युवाओं से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय रहा है। संगठन की सरकार से प्रमुख मांगों में युवाओं के लिए बैकलॉग पदों की भर्ती और पटवारी परीक्षा में नेगेटिव मार्किंग खत्म करना शामिल है। इंदौर, भोपाल समेत प्रदेश के कई जिलों में संगठन इन मुद्दों को लेकर प्रदर्शन भी कर चुका है। अब इन्हीं मुद्दों को कॉलेजों में विद्यार्थियों के बीच ले जाने की तैयारी है।

---

खाटू श्याम की भजन संध्या से लौट रहा था युवक

# बदमाशों ने चाकू से किए 4 वार

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के हीरानगर में रविवार रात करीब 1 बजे बाइक सवार बदमाशों ने एक होटल कर्मचारी पर चाकू से हमला कर दिया। बदमाशों ने उस पर चाकू से करीब 4 वार किए। गंभीर हालत में पुलिस की एफआरवी टीम उसे पहले लाइफ केयर अस्पताल ले गई। यहां इलाज नहीं मिलने पर अरविंदो अस्पताल पहुंचाया गया। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं, सदर बाजार इलाके में भी एक ऑटो ड्राइवर पर बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया।

हीरानगर टीआई सुशील पटेल ने बताया कि घायल की पहचान तेजसिंह पुत्र लेखापाल, निवासी लाहिया कॉलोनी के रूप में हुई है। वह मूल रूप से नरसिंहगढ़ का रहने वाला है और करीब एक महीने पहले काम के सिलसिले में इंदौर आया था। फिलहाल वह एक होटल में वेटर का काम करता है। तेजसिंह ने बताया कि रविवार रात करीब 11:30 बजे काम खत्म करने के बाद वह घर के लिए निकला था। रास्ते में खाटू श्याम मंदिर में चल रही भजन संध्या में रुक गया। रात करीब 1 बजे वह पैदल घर जा रहा था, तभी चार युवक उसके पास आए और उसे रुकने के लिए कहा। तेजसिंह के मुताबिक, चार युवकों में से दो के पास चाकू थे। एक आरोपी ने उसके पेट पर दो वार किए, जबकि दूसरे ने पीठ पर चाकू मारा। वह चिल्लाया तो आरोपी मौके से भाग गए। इसके बाद कुछ राहगीर वहां पहुंचे। तेजसिंह ने मोबाइल से परिवार और पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने पर पुलिस उसे अस्पताल लेकर पहुंची। टीआई सुशील पटेल के मुताबिक, सभी आरोपी फिलहाल अज्ञात हैं। रात में तेजसिंह के ज्यादा बयान नहीं हो पाए।

**एफआरवी से पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल, ऑटो ड्राइवर पर भी हमला**

---

# समोसे में निकला मरा हुआ कॉकरोच

## युवक ने वीडियो बनाया, सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

एक युवक ने गरमा गरम समोसा खरीदा। एक टुकड़ा खाते ही उसमें मरा हुआ कॉकरोच दिखाई दिया। युवक ने तुरंत वीडियो बनाकर दुकानदार को इसकी जानकारी दी। दुकानदार ने कहा कि यह गलती से आ गया होगा और वीडियो बनाना है तो बना लो। मामले की शिकायत सीएम हेल्पलाइन और खाद्य सुरक्षा प्रशासन से की गई है।

घटना सोमवार को चिकमंगलूर चौराहा स्थित श्रम शिविर के पास की है। इंदौर निवासी पीयूष मौर्य बारिश के दौरान यहां रुके और रतलाम नमकीन से समोसा खरीदा। उन्होंने जैसे ही समोसे का एक टुकड़ा खाया, उसमें मरा हुआ कॉकरोच नजर आया। उन्होंने वीडियो बनाकर दुकानदार को इसकी जानकारी दी। पीयूष के मुताबिक, दुकानदार ने कहा कि कॉकरोच गलती से आ गया होगा। उसने यह भी कहा कि वीडियो बनाना है तो बना लो, इंसान से गलती हो जाती है। इसे जानबूझकर नहीं डाला गया है। मामले को लेकर दोनों पक्षों में कुछ देर बहस हुई। इसके बाद दुकानदार ने शिकायत करने की बात कही। पीड़ित ने खाद्य विभाग में शिकायत दर्ज कराई है। समोसे में कॉकरोच मिलने की शिकायत के बाद दुकान में खाद्य सामग्री की साफ-सफाई और रखरखाव पर सवाल खड़े हो गए हैं। बारिश के मौसम में खाद्य पदार्थों के भंडारण और स्वच्छता को लेकर विशेष सावधानी जरूरी होती है। शिकायत के बाद खाद्य सुरक्षा विभाग ने मामले में कार्रवाई की बात कही है।



---

महिला से पार्ट टाइम जॉब के नाम पर ठगी : इंस्टाग्राम से शुरू हुआ खेल, टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा

# रेटिंग और निवेश के नाम पर जमा कराए 10 लाख रुपये

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के एरोड्रम इलाके में रहने वाली महिला से पार्ट टाइम जॉब के नाम पर 10 लाख 8 हजार रुपए की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। महिला ने इंस्टाग्राम पर जॉब का विज्ञापन देखा था। इसके बाद उसे टेलीग्राम ग्रुप में जोड़कर होटल-रेस्टोरेंट की रेटिंग देने के बदले कमीशन का झांसा दिया गया। शुरूआत में कमीशन के रूप में रकम लौटाकर भरोसा जीता गया, फिर अलग-अलग खातों में निवेश के नाम पर रकम जमा कराई गई।

एरोड्रम पुलिस के मुताबिक, इति जैन की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ ऑनलाइन ठगी का केस दर्ज किया गया है। इति ने बताया कि जुलाई में वह इंस्टाग्राम चला रही थीं और पार्ट टाइम जॉब की तलाश में थीं। इसी दौरान उन्होंने एक विज्ञापन देखा। उसमें दिए नंबर पर कॉल करने के बाद उन्हें वॉट्सऐप पर मैसेज आया। इसके बाद टेलीग्राम पर ऑनलाइन जॉब और कमीशन मिलने की बात बताई गई। इति को एक टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा गया। इसमें 'एनएससी रिसपेस्ट' के नाम से एक विज्ञापन आया। होटल-रेस्टोरेंट की लिंक भेजकर उस पर रेटिंग देने की बात कही गई। इस दौरान इति से नाम, पता और अकाउंट की जानकारी भी ले ली गई। इति के मुताबिक, इंस्टाग्राम पर बात करने वाले व्यक्ति ने बताया कि कंपनी की ओर से दिए गए एक अकाउंट में सीधे मुनाफा दिखाई देगा। यह रकम कुछ समय बाद निकाली जा सकेगी।



### दो रेटिंग के बाद कमीशन देकर भरोसा जीता

शुरूआत में दो रेटिंग देने के बाद 1 हजार रुपए पर 30 प्रतिशत कमीशन देने की बात कही गई। यह भी बताया गया कि जितनी ज्यादा रकम जमा की जाएगी, उतना ही ज्यादा मुनाफा मिलेगा। इसके बाद रिकूमनी दशोरे नाम की युवती के अकाउंट में रकम जमा कराई गई। फिर इति को दूसरे पेज पर जोड़कर उसे प्रोफेशनल पेज बताया गया और अकाउंट में 2 हजार रुपए और जमा करवाए गए। इसके बाद 3900 रुपए मुनाफे के तौर पर वापस दिए गए। एक रेटिंग करने पर 900 रुपए कमीशन भी दिया गया। इससे इति को भरोसा हो गया और उन्होंने आगे भी रकम जमा करना शुरू कर दिया।

---

क्राइम ब्रांच की टीम को देख बाइक सहित फिसला तस्कर

# 103.55 ग्राम एमडी ड्रग्स मिली, 11 लाख 80 हजार का माल जब्त, साथी भी गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

क्राइम ब्रांच ने सुपर कॉरिडोर से एक ड्रग्स तस्कर को गिरफ्तार किया। उसके पास से 103.55 ग्राम एमडी ड्रग्स मिली। जब वह बिना नंबर की बाइक से ड्रग्स लेकर जा रहा था, तभी टीम ने उसकी घेराबंदी की। टीम को देख वह घबरा गया और भागने की कोशिश में वह बाइक से फिसलकर गिर गया।

ड्रग्स की अनुमानित कीमत 10 लाख 30 हजार रुपए है। बाइक सहित टीम ने 11 लाख 80 हजार रुपए का मश्रुका जब्त किया। सोमवार को टीम ने पूरे मामले का खुलासा किया।

रविवार शाम को क्राइम ब्रांच को मुखबीर से सूचना मिली कि एक युवक 100 ग्राम से ज्यादा एमडी ड्रग्स लेकर इंदौर आने वाला है। राजेश कुमार त्रिपाठी, डीसीपी क्राइम ब्रांच ने बताया मुखबीर से मिली सटिक सूचना पर क्राइम ब्रांच की टीम अलर्ट मोड में आई और तुरंत सुपर कॉरिडोर पर घेराबंदी की।

टीम को देखकर बाइक सवार युवक घबरा गया और भागने की कोशिश में वह फिसलकर गिर गया। पूछताछ में युवक ने अपने नाम अयाज हुसैन (19) निवासी इंदौर बताया। तलाशी में उसके पास से 103.55 ग्राम एमडी ड्रग्स मिली। जिसकी अनुमानित कीमत 10 लाख 30 हजार रुपए है।



### पूछताछ में सामने आया एक ओर नाम, उसे भी पकड़ा

उन्होंने बताया कि जब टीम ने उसे गिरफ्तार कर उससे सख्ती से पूछताछ की तो टीम के सामने अयाज के साथी शाहनवाज का नाम सामने आया। टीम ने अयाज की निशानदेही पर शाहनवाज को भी गिरफ्तार किया। टीम को जानकारी मिली कि अयाज हुसैन आपराधिक प्रवृत्ति का है। उसके खिलाफ पहले भी आपराधिक मामला दर्ज है। अयाज 8वीं तक पढ़ा हुआ है और मजदूरी का काम करता है, जबकि शाहनवाज चूड़ियां बनाने का काम करता है। टीम दोनों से पूछताछ कर ड्रग्स नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी निकाल रही है।

### पार्टियों में पहुंचाते थे ड्रग्स

- डीसीपी ने बताया कि टीम को शिकायत मिली थी कि ये पार्टियों में भी ड्रग्स सप्लाई करने का काम करते थे। साथ ही लक्झरी लाइफ जीने के शौकिन है। ड्रग्स बेचकर ये पैसा कमाकर बड़े आदमी बनने की फिराक में थे। पिछले काफी दिनों से इनकी तलाश की जा रही थी।
- आरोपी इंदौर के पेडलरों की डिमांड पर इंदौर में माल लाने का काम करते थे। कई बार ये जगह बदल लेता था, गाड़ियों में भी नंबर प्लेट नहीं लगाता था, जिसके कारण ये कई बार बच निकलता था। मगर इस बार ये टीम के हत्थे चढ़ गया।

## दतिया में जीत के बाद कांग्रेस की पीएसी मीटिंग




**भोपाल।** दतिया विधानसभा के उपचुनाव में जीत के बाद आज भोपाल में प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में एमपी कांग्रेस की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक बुलाई है। इस बैठक में प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी से लेकर पीसीसी चीफ जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सहित पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी में शामिल 25 नेताओं को बुलाया गया है। दोपहर 12 बजे से पीसीसी के थर्ड फ्लोर पर यह बैठक रखी गई है।

जीतू पटवारी के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पीएसी के मेंबर नकुल नाथ पहली बार पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की मीटिंग में शामिल होंगे। कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने कुछ दिन पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दावा किया था कि इस बार पीएसी की बैठक में पूर्व सीएम कमलनाथ शामिल होंगे।

## नर्मदापुरम में पशु से कथित कुकृत्य, पंचायत ने सुनाया फैसला

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम से 10 किमी दूर एक गांव में बेजुबान पशु के साथ कथित कुकृत्य का गंभीर मामला सामने आया है। गांव के एक व्यक्ति पर पशु के साथ आपत्तिजनक कृत्य करने का आरोप है। मामले की जानकारी मिलते ही ग्राम पंचायत सरपंच की पहल पर बुजुर्गों की पंचायत बुलाकर बैठक की। जिसमें फैसला लिया कि जिस पर मवेशी से कुकृत्य का आरोप है, उसे एक सप्ताह के लिए गांव से बाहर रहना होगा, सात दिन बाद नर्मदा स्नान कर किनारे पर कन्या भोज और गौशाला में दान करना होगा। इतना ही नहीं एक सप्ताह तक गांव में किसी में किसी भी कार्यक्रम में उसके परिवार को बुलाया भी नहीं जाएगा। यह फैसला सोमवार शाम 5 बजे लिया गया। ग्राम पंचायत सरपंच का कहना है कि शर्मनाक घटना से गांव की बदनामी होगी, इसलिए सभी ने तय कर पुलिस थाने में शिकायत नहीं की और उसे यह फैसला सुनाया। घटना करीब 10 दिन पुरानी माखननगर रोड पर एक गोदाम की है, जहां व्यक्ति चौकीदारी करता था। रात के दौरान उसने एक मवेशी के साथ कुकृत्य किया। वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में घटना रिकॉर्ड होने की बात कही जा रही है। जिसे देखने के बाद दुकान संचालक ने उस व्यक्ति के साथ मारपीट की। इसके बाद ग्रामीणों और उसके परिजनों को सारी करतूत बताई गई। घटना से जुड़ा कथित सीसीटीवी फुटेज प्रतिष्ठान में लगे कैमरों में रिकॉर्ड होने की बात कही जा रही है। ऐसे में पुलिस जांच के लिए फुटेज अहम साक्ष्य साबित हो सकता है।

## क्लासरूम में घुसा नशेड़ी, गाया मैं तेरे प्यार में पागल

**शहडोल।** शहडोल जिले के बुढार थाना क्षेत्र में स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय दमकी टोला में सोमवार को एक शराबी युवक ने जमकर हंगामा किया। युवक बच्चों की कक्षा में घुस गया और फर्श पर लेटकर अपना सिर पटकने लगा, जिससे कक्षा में मौजूद बच्चे सहम गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह घटना सोमवार दोपहर करीब 3 बजे हुई जब युवक शराब के नशे में स्कूल पहुंचा। उसने बच्चों के सामने गाने गाए और शिक्षक की कुर्सी को इधर-उधर घसीटा। वह बार-बार 'मैं तेरे प्यार में पागल हूं' जैसे गीत गा रहा था। स्कूल में हंगामे की सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण स्कूल के बाहर जमा हो गए। वे खिड़कियों से अंदर चल रहे घटनाक्रम को देखते रहे, लेकिन किसी ने भी युवक को बाहर निकालने का प्रयास नहीं किया। स्थिति बिगड़ती देख शिक्षक ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। कुछ देर बाद डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची और युवक को कक्षा से बाहर निकाला। शिक्षक ने इस पूरी घटना का वीडियो अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया, जो मंगलवार को सामने आया है। इस घटना ने बच्चों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## मुरैना में हूटर पर कार्रवाई बनी सियासी मुद्दा, सभापति की कार का 2500 रुपए चालान

**मुरैना।** मुरैना एमएस रोड स्थित पुराने बस स्टैंड चौराहे पर सोमवार शाम हुई मजिस्ट्रेट चेकिंग के दौरान वीआईपी कल्चर के साथ नगर निगम की राजनीति भी सड़क पर नजर आई। चेकिंग के दौरान नगर निगम सभापति राधारमण दंडोतिया की हूटर लगी कार को पुलिस ने रोक लिया और कार्रवाई करते हुए 2,500 रुपए का चालान काटा। इसी दौरान महापौर शारदा सोलंकी की हूटर लगी कार भी चेकिंग प्वाइंट की ओर पहुंची, लेकिन पुलिस के रोकने से पहले ही चालक कार को तेज रफ्तार में आगे ले गया। इस घटनाक्रम के बाद सभापति ने कार्रवाई की निष्पक्षता पर सवाल खड़े किए हैं। एमएस रोड पर चल रही मजिस्ट्रेट चेकिंग के दौरान पुलिस ने नगर निगम सभापति राधारमण दंडोतिया की कार को रोका। कार पर हूटर लगा हुआ था। जांच के दौरान पुलिस ने हूटर को नियम विरुद्ध मानते हुए कार्रवाई की और सभापति की कार का 2,500 रुपए का चालान काटा।

# मप्र के 10 जिलों में हैवी रेन का अलर्ट, भोपाल और आगर-मालवा में स्कूल बंद; कई नदियां उफान पर

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल



मध्य प्रदेश में मानसून ट्रफ और लो प्रेशर एरिया के कारण दो दिन तक सीजन का सबसे स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव रहा। इसका सबसे ज्यादा असर भोपाल में देखने को मिला, जहां 24 घंटे में करीब 7 इंच बारिश हुई। कई कॉलोनियों में पानी भर गया और सड़कें जलमग्न हो गईं। नदियां और नाले उफान पर आ गए, जिससे कई रास्तों पर आवाजाही बंद करनी पड़ी।

सीहोर, शाजापुर, विदिशा, मंडला और राजगढ़ में भी भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ। राजगढ़ के ब्यावरा में रेलवे अंडरपास में पानी भरने से 25 गांवों का संपर्क टूट गया। विदिशा में बाढ़ के पानी में 17 लोग फंस गए। राजगढ़ में नाले में ईको वैन बह गई। हादसे में तीन बच्चों और दो महिलाओं समेत 9 लोगों की मौत हो गई।

बारिश का दौर कई इलाकों में रात तक जारी रहा। प्रदेश के आधे से ज्यादा हिस्से में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश होती रही। भोपाल और आगर-मालवा में बारिश को देखते हुए स्कूलों में छुट्टी घोषित की गई है।

मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में अब तक 19 इंच (483 एमएम) बारिश हो चुकी है। यह औसत बारिश 22.5 इंच (571.4 एमएम) से 3.5 कम है, यानी प्रदेश में 15% पानी कम गिरा है। पूर्वी हिस्से में 18% और पश्चिमी हिस्से में औसत से 13% बारिश कम हुई है।

मौसम एक्सपर्ट शैलेंद्र कुमार नायक ने बताया कि 10 अगस्त को उत्तर एमपी और आसपास लो प्रेशर एरिया बना। इससे संबंधित साइक्लोनिक सकुर्लेशन (चक्रवात) भी रहा। चक्रवात 5.8 किमी ऊंचाई तक फैला था और मानसून ट्रफ इसके केंद्र से होकर गुजर रही थी। इस वजह से अति भारी बारिश हुई।

इसी बीच उत्तर-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी में एक नया चक्रवात एक्टिव हुआ है, जिसके प्रभाव से लगभग 12 अगस्त के आसपास नया लो प्रेशर एरिया बनने की संभावना है। ऐसे में प्रदेश के लिए अगले चार दिन अहम रहेंगे।


### 4 घंटे 31 मिनट का होगा ग्रहण

## साल का दूसरा एवं अंतिम सूर्यग्रहण 12-13 अगस्त की रात

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

इस वर्ष का द्वितीय एवं अंतिम सूर्यग्रहण अमावस्या 12-13 अगस्त को होगा। यह पूर्ण सूर्यग्रहण होगा। भारतीय मानक समय के अनुसार ग्रहण रात्रि 09:04:3 बजे से मध्य रात्रि 01:27:09 तक होगा। सूर्यग्रहण एक महत्वपूर्ण खगोलीय घटना होती है। सूर्यग्रहण तब होता है जब सूर्य और पृथ्वी के बीच चन्द्रमा आ जाता है।

उज्जैन जीवाजीराव वेधशाला के अनुसार बुधवार रात को खगोलीय घटना होने जा रही है। जो की सूर्य ग्रहण के रूप में होगी। वेधशाला के अधीक्षक राजेंद्र गुप्त ने बताया कि चन्द्रमा दीर्घवृत्ताकार कक्षा में पृथ्वी की परिक्रमा करता है जिससे कभी-कभी अमावस्या को पृथ्वी तथा सूर्य के मध्य एक सीध में स्थित होता है। पूर्ण ग्रहण की स्थिति तब होती है जब चन्द्रमा, पृथ्वी से पास की स्थिति में पृथ्वी तथा सूर्य के मध्य आता है जिससे वह सूर्य को पूरा ढंक लेता है।



### ग्रहण की अवधि 4 घंटे 31 मिनट तक होगा ग्रहण

पूर्ण सूर्यग्रहण का प्रारंभ 12 अगस्त को भारतीय मानक समय के अनुसार रात्रि 09:04:3 बजे से होगा। मध्य की स्थिति दिनांक 12 अगस्त 2026 को मध्य रात्रि 11:15:09 बजे पर होगी। इस समय सूर्य का 103.8 प्रतिशत भाग चंद्रमा के द्वारा ढक लिया जाएगा। जिससे कुछ समय के लिए अंधकार की स्थिति बन जाएगी। मोक्ष की स्थिति 13 अगस्त को मध्य रात्रि 01:27:09 बजे पर होगी। ग्रहण की अवधि 4 घंटे 31 मिनट तक रहेगी। भारत में इस समय रात्रि होने के कारण यह पूर्ण सूर्यग्रहण दृश्य नहीं होगा। यह सूर्यग्रहण पश्चिमी यूरोप, पश्चिमी अफ्रीका, उत्तरी अमेरिका, ग्रीनलैण्ड, उत्तरी अटलांटिक महासागर एवं उत्तरी प्रशांत महासागर में बहुत अच्छी प्रकार से देखा जा सकेगा।

## श्योपुर की सीप नदी पार कर रामबाड़ी पहुंचा चीता

**श्योपुर।** श्योपुर जिले में पिछले दस दिनों से सोईकलां और आसपास के गांवों में घूम रहा एक चीता मंगलवार सुबह शंकरपुर के पास सीप नदी पार कर रामबाड़ी नहर के नजदीक खेतों में पहुंच गया। चीते को खेतों में देखकर ग्रामीणों और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई, जिसका वीडियो भी सामने आया है। सूचना मिलते ही वन विभाग की निगरानी टीम सक्रिय हो गई और लगातार उसकी लोकेशन ट्रैक कर रही है। वन विभाग के अनुसार, यह चीता पिछले लगभग दस दिनों से सोईकलां, शंकरपुर, मेवाड़ा और गुरुनावदा सहित आसपास के गांवों के खेतों और रास्तों में देखा जा रहा था। यह कभी खेतों में बैठा मिलता था, तो कभी सड़क या नदी क्षेत्र की ओर जाते हुए दिखाई देता था। सोमवार तक इसकी गतिविधियां शंकरपुर क्षेत्र के आसपास ही दर्ज की गई थीं। मंगलवार सुबह चीते ने सोईकलां क्षेत्र छोड़ा और रामबाड़ी नहर के पास खेतों में पहुंच गया।

# पहली बारिश में ही 154 करोड़ के ब्रिज से झांकने लगे सरिए

### भोपाल के डॉ. अंबेडकर ब्रिज से उखड़ा डामर; कई सड़कें छलनी हो गईं

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

भोपाल में मध्य प्रदेश के दूसरे सबसे लंबे ब्रिज डॉ. अंबेडकर (जीजी) फ्लाईओवर की सड़क से सरिए झांकने लगे हैं। रही कसर 2 दिन से हो रही तेज बारिश ने पूरी कर दी। कई जगहों से डामर उखड़ गया है। इधर, बारिश की वजह से शहर की कई सड़कें छलनी हो गई है।

यह फ्लाईओवर करीब 154 करोड़ रुपए की लागत से बना है। लोकार्पण के बाद से ही यह सुर्खियों में रहता है। लोकार्पण के



ठीक बाद ही सीमेंट क्रांकीट में खुरदुरापन, वाइब्रेशन जैसी समस्याएं सामने आई थीं। कुछ महीने बाद डामर उखड़ गया था। इसके बाद अब इसके सरिए बाहर झांकने लगे हैं। बारिश के बाद सोमवार को जब सड़क कई जगहों से उखड़ी मिली तो कांग्रेस नेता अभिनव बारोलिया ने ब्रिज पर पहुंचकर सवाल उठाए। कहा कि राजधानी में 150 करोड़ से ज्यादा लागत से पिछले साल ही बने अंबेडकर फ्लाईओवर के गड्ढे बता रहे हैं कि कितना भष्ट्राचार व कमीशनखोरी हुई है। इस पर कांग्रेस ने सवाल उठाते हुए वीडियो भी जारी किए हैं।

इस ओवरफ्लाई से हर रोज हजारों वीवीआईपी और आम लोग ब्रिज के ऊपर से गुजर रहे हैं। लोकार्पण के दौरान यह प्रदेश का पहला सबसे लंबा ब्रिज था। बाद में जबलपुर में इससे लंबा ब्रिज बना। इस हिसाब से अब यह प्रदेश का दूसरा सबसे लंबा ब्रिज है।

शहर की मुख्य सड़कें हो या अंदरूनी, उन पर गड्?ढे ही गड्?ढे हो गए हैं। मुख्य सड़कें- होशंगाबाद रोड, रायसेन रोड, अवधपुरी, अयोध्या बायपास, रातीबड़, एमपी नगर, लिंक रोड नंबर-2 में कई जगहों से सड़कें उखड़ गई हैं। मिसरोद से वीर सावरकर ब्रिज तक कई जगहों पर गड्ढे हैं।

## मप्र पुलिस में 9,662 पदों पर भर्ती को मंजूरी, डीजीपी बोले- 20 हजार पद खाली मिले



ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

मध्यप्रदेश पुलिस में बड़ी भर्ती की तैयारी है। भोपाल में आयोजित पुलिस विभाग के नवीन भर्ती एवं पदोन्नति आभार समारोह में डीजीपी कैलाश मकवाना ने बताया कि वर्ष 2026 में पुलिस विभाग के 9,662 पदों पर भर्ती को मंजूरी मिली है।

डीजीपी ने कहा कि विभिन्न संवर्गों में 14,704 अभ्यर्थियों का चयन हो चुका है। पुलिस बैंड और एफएसएल की भर्तियां अगले चरण में हैं। फिलहाल 9,751 से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है। समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पुलिस बल को मजबूत करने के लिए भर्ती और पदोन्नति की प्रक्रिया लगातार जारी रहेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विभागीय और तकनीकी कारणों से लंबे समय तक पदोन्नतियां अटकी रहीं। उन्होंने कहा, 20 हजार से ज्यादा पुलिसकर्मी सेवानिवृत्त हो गए। मुझे इसका मलाल है कि कई पुलिसकर्मियों को उनके कार्यकाल में पदोन्नति नहीं मिल सकी। अब पदोन्नति का रास्ता खुल गया है। उन्होंने कहा कि पदोन्नति से पुलिसकर्मियों का मनोबल बढ़ता है और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गृह विभाग की जिम्मेदारी उनके पास है, इसलिए वे इस विभाग पर विशेष ध्यान देते हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस बल को मजबूत करने के लिए भर्ती, पदोन्नति और नए पदों की स्वीकृति आगे भी जारी रहेगी।

## महिला टीचर ने बच्ची को पीटा, कान का पर्दा फटा

ब्रह्मास्त्र ›› टीकमगढ़

मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ में पुष्पा इंग्लिश मीडियम स्कूल की पहली कक्षा की छात्रा को महिला टीचर ने पीटा। बच्ची के कान के पर्दे फट गए हैं। सुनने में परेशानी हो रही है। दर्द की वजह से चक्कर आने लगते हैं। परिजन ने कलेक्टर से टीचर के खिलाफ शिकायत की है।

परिजन की शिकायत के अनुसार, घटना 15 जुलाई 2026 की है। छात्रा शाम्भवी तिवारी रोज की तरह पुष्पा इंग्लिश मीडियम स्कूल गई थी। स्कूल में हिंदी की टीचर अमृता सिंह ने बच्ची के साथ मारपीट की। छुट्टी के बाद घर पहुंची बच्ची ने परिजन को कान में दर्द और सुनाई नहीं देने की जानकारी दी। बच्ची की हालत देखकर पिता राजेश तिवारी उसे लेकर स्कूल पहुंचे। उन्होंने प्राचार्य को घटना की जानकारी दी। प्राचार्य के सामने संबंधित टीचर ने मारपीट की बात स्वीकार की। इसके बाद परिवार ने इलाज के लिए डॉक्टर से संपर्क किया।

परिजन बच्ची को इलाज के लिए डॉ. अमित जैन के पास ले गए। जांच में डॉक्टर ने बच्ची के कान के पर्दे में छेद होने की जानकारी दी। मारपीट के बाद से बच्ची को कान में दर्द, कम सुनाई देना और चक्कर आने की परेशानी हो रही थी। घटना के बाद 1 अगस्त को बच्ची का नाम स्कूल से काट दिया गया। बच्ची की मां निधि तिवारी ने बताया- मैम उसे लगातार 4-5 दिन से पीट रही थीं। हम लोगों ने यह सोचकर अनसुना कर दिया कि बच्ची है, शायद झूठ बोल रही है। वह कहती थी कि ह्यमैम ने हमें मारा हैह्ल, लेकिन हमने थोड़ी लापरवाही कर दी और उसे स्कूल भेजते रहे। इसके बाद जब वह दोबारा स्कूल गई तो मैम ने फिर उसे पीटा। बच्ची ने मैम से पूछा था कि मैम, हमें यह समझ में नहीं आ रहा। इसके बाद टीचर ने 2-3 थप्पड़ मार दिए। इसके बाद उसके कान में दर्द होने लगा। कान का पर्दा फट गया। घटना के बाद प्रधानाचार्य ने बच्ची का पूरा इलाज कराने का आश्वासन दिया था। बाद में हम लोग ग्वालियर का बिल लेकर वहां गए तो कहा गया कि आप दोनों निपट लो आपस में, हम कुछ नहीं कर सकते।

# अम्मा बोली थी- कार गुजर गई, हम भी निकल जाएंगे: प्रत्यक्षदर्शी बोले-मना किया था

ब्रह्मास्त्र ›› सारंगपुर

सड़क पर करीब दो फीट पानी था और पास ही नाला था। उसे अंदाजा नहीं था कि वहां सड़क नहीं है। गाड़ी मोड़कर आगे बढ़ा दी। कच्चे में उतरते ही कार 8 सेकेंड में नाले में समा गई।

ये कहना है गणेश गुर्जर का। गणेश ने नाले से चार लाशें निकाली थीं। राजगढ़ के सारंगपुर में सोमवार सुबह मऊझ्रपड़ानाझ्रतलेन मार्ग पर पड़ाना और झिरी के बीच नाले में ईको कार गिर गई। इसमें तीन बच्चों समेत 9 लोगों की मौत हो गई। सभी मृतक देवास जिले की सतवास तहसील के रहने वाले थे। बारिश रुकने के बाद शाम को नाले का पानी उतर गया था। सड़क से आवागमन भी सामान्य हो गया था।

### अम्मा ने कहा था- थोड़ी ही देर में निकल जाएंगे

जानकारी के मुताबिक हादसे में बचे मुकेश (40) और हुकुम सारंगपुर अस्पताल में भर्ती हैं। मुकेश ने बताया- सुबह करीब 6 बजे सतवास के पास धांसड़ गांव से आ रहे थे। कार में 11



लोग सवार थे। मेरी काकी और हुकुम सिंह की सास सगरबाई को लकवा लगा है। किसी ने सारंगपुर के कनावड़ धाम ले जाने की सलाह दी थी। सोचा था कि एक दिन धाम पर रुकेंगे। दूसरे दिन दिखाकर लौट आएंगे।

इसी बीच, अंकल बोले कि आज नहीं पहुंचे तो पर्ची नहीं मिलेगी। कल फिर चक्कर काटना पड़ेगा। उनका बेटा विशाल भी यही बोला। दोनों ने कहा, 'चलो-चलो, निकाल लो।' मैंने बात मानकर गाड़ी पानी में उतार दी।

प्रत्यक्षदर्शी महेंद्र परमार ने बताया कि हादसे से ठीक पहले मौके पर मौजूद थे। मैंने कार चालक को पानी में कार नहीं उतारने के लिए कहा था, लेकिन कार में बैठी अम्मा ने कहा कि आगे गाड़ी निकल गई है, हम भी निकल जाएंगे। सड़क पर करीब दो फीट पानी था। इस कारण सड़क दिखाई नहीं दी। वहां बैरिकेड भी नहीं लगा था। आंखों के सामने कार तेज बहाव में नाले में पलटी खाकर चली गई। कुछ ही सेकंड में वाहन और उसमें बैठे ज्यादातर लोग दिखाई देना बंद हो गए।ह्ल ड्राइवर और उसके बगल की सीट पर बैठा व्यक्ति बाहर निकल आए।

## कॉन्स्टेबल को बंधक बनाया, कार में रातभर घुमाया, मारपीट कर जंगल में फेंकने की धमकी दी

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

भोपाल के शाहपुरा थाना क्षेत्र में नाइट गश्त के दौरान शराब पीते मिले दो युवकों को थाने चलने के लिए कहना एक कॉन्स्टेबल को भारी पड़ गया। आरोपियों ने उसे अपनी कार में बैठाया और शाहपुरा थाने की बजाय एमपी नगर की ओर कार दौड़ा दी। दोनों ने आरक्षक को रातभर कार में बंधक बनाकर घुमाया और मारपीट की। आरोपी उसे जंगल में ले जाकर फेंकने की धमकी दे रहे थे। कॉन्स्टेबल ने हिम्मत दिखाकर अपने साथी को मोबाइल पर लोकेशन शेयर कर दी।

इसका पता चलते ही आरोपियों ने फिर मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान आरक्षक ने कार का दरवाजा खोल दिया। आरोपियों ने कार रोककर उसे डीबी मॉल के सामने जीजी फ्लाईओवर पर उतार दिया और फरार हो गए। पुलिस के अनुसार, 8-9 अगस्त की दरमियानी रात शाहपुरा थाने में पदस्थ आरक्षक सुंदर पटेल और आरक्षक महेंद्र ठाकुर चार्ली में नाइट रूटीन ड्यूटी पर थे।




### कार नंबर और सीसीटीवी से पकड़े गए आरोपी

यहीं पर दोनों आरोपी भूपेंद्र शर्मा और ऋषि नामदेव कार में शराब पीते मिले। पुलिसकर्मियों ने पूछताछ के बाद दोनों को थाने चलने के लिए कहा। महेंद्र ठाकुर बाइक से थाने रवाना हो गए, जबकि सुंदर पटेल आरोपियों की कार में बैठ गए। पुलिस ने कार नंबर और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने बताया कि भूपेंद्र शर्मा और ऋषि नामदेव के खिलाफ अपहरण, मारपीट और धमकी सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। भूपेंद्र गंजबासौदा का रहने वाला है। उसके खिलाफ विदिशा में हत्या के प्रयास का मामला पहले से दर्ज है। ऋषि नामदेव बावड़िया कला निवासी है। पुलिस के मुताबिक वारदात में इस्तेमाल कार एक ट्रैवल्स कंपनी में अटैच है।

# चंडीगढ़ के क्रिकेटर रमनदीप की दुल्हन एक्ट्रेस, उम्र में 7 साल बड़ी, शिमला की रहने वाली



चंडीगढ़ के रहने वाले भारतीय क्रिकेटर रमनदीप सिंह ने टीवी की एक्ट्रेस चार्ली चौहान के साथ शादी की है। 7 अगस्त को दोनों ने पंचकूला (हरियाणा) के पिंजौर के एक गुरुद्वारे में सिख रीति-रिवाज से आनंद कारज संपन्न किया। इसकी शादी के ढेरों फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं, जिसमें पंजाब के स्टार क्रिकेटर अभिषेक शर्मा, अर्शदीप सिंह, नमन धीर, पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह, आदि डांस करते दिख रहे हैं। शादी में जय भानुशाली जैसे टीवी और फिल्मों के सेलिब्रिटीज भी पहुंचे।

रमनदीप सिंह को तो लोगों ने क्ढछ और भारतीय टीम में खेलते देखा है, लेकिन अब लोग यह सर्च कर रहे हैं कि आखिर रमनदीप सिंह की दुल्हन कौन हैं? तमाम सोर्सेस खंगालने के बाद पता चला है कि चार्ली और रमनदीप का रिलेशनशिप 8 साल से सीक्रेटली चल रहा था।

साल 2018 के आसपास जब चार्ली टीवी इंडस्ट्री में एक्टिव थीं और रमनदीप पंजाब के लिए घरेलू क्रिकेट खेल रहे थे, इसी दौरान इनकी मुलाकात किसी कॉमनफ्रेंड की पार्टी में हुई। इसके बाद से दोनों सीक्रेटली मिलते रहे। रमनदीप से चार्ली करीब 7 साल बड़ी हैं। वह हिमाचल में शिमला की रहने वाली हैं।

चार्ली चौहान मूल रूप से शिमला, हिमाचल प्रदेश की रहने वाली हैं। उनका जन्म 8 सितंबर 1989 को शिमला में हुआ। शुरूआती पढ़ाई शिमला के सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल, ढल्ली से हुई है। बाद में उन्होंने ग्रेजुएशन भी की। उनके परिवार में भाई कुणाल चौहान और बहन पारुल चौहान हैं। उनके माता-पिता की जानकारी सार्वजनिक नहीं है। हालांकि, कुछ सोर्सेस बताते हैं कि चार्ली की मां का साल 2008 में निधन हो गया था उन्होंने दिवाली के मौके पर कार दुर्घटना में अपनी मां को खोया था। उनके साथ उनके चाचा का भी देहांत हुआ था। इस गहरे सदमे में चार्ली ने दिवाली मनाना भी बंद कर दिया था। इसे लेकर उन्होंने खुद सोशल मीडिया पर भावुक पोस्ट की थी। इसके बाद चार्ली अपने पिता के साथ ही रहीं। अपना करियर बनाने के लिए चार्ली ने मुंबई का रुख किया था। उन्होंने मनोरंजन जगत में मॉडलिंग, रियलिटी शो स्टार और एक्ट्रेस के रूप में काफी काम किया है। टीवी में वह बहुत लोकप्रिय रही हैं।

## 52 गज का दामन फेम रेणुका पंवार के साथ डुएट रिलीज, सोनू बोले-आपके आंगन में आना पड़ा

# सोनू निगम ने पहली बार गाया हरियाणवी सॉन्ग

कभी देसी बोली और ठेठ अंदाज के लिए पहचाने जाने वाले हरियाणवी गीत अब देश के बड़े म्यूजिक प्लेटफॉर्म और बॉलीवुड तक अपनी मजबूत जगह बना रहे हैं। इसी बीच बॉलीवुड के दिग्गज सिंगर सोनू निगम ने पहली बार हरियाणवी गाने को अपनी आवाज दी है।

गाने में उनके साथ हरियाणवी सिंगर रेणुका पंवार की आवाज सुनाई दे रही है। दोनों की आवाज में तैयार गाना ह्यचुन्नीह्व 7 अगस्त को रिलीज हुआ। 3 दिन पहले रिलीज हुए इस गाने ने सोनू निगम को पहली बार हरियाणवी म्यूजिक की दुनिया से जोड़ा है। वहीं, गाने को अब तक 28 लाख व्यूज मिल चुके हैं।

खास बात यह है कि गाने की कहानी से लेकर उसके राइटिंग और डायरेक्शन तक हरियाणा के कलाकारों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

करीब एक साल पहले ग्लोबल म्यूजिक जंक्शन के मालिक राजकुमार के जरिए रेणुका पंवार की मुलाकात सोनू निगम से हुई। राजकुमार रेणुका और सोनू निगम के उटर (कंटेंट मैनेजमेंट सिस्टम) का काम देखते हैं। रेणुका की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए उन्होंने सोनू निगम के सामने हरियाणवी गाना करने का प्रस्ताव रखा, जिसे उन्होंने पसंद किया।

### चुन्नी से पहली बार हरियाणवी में गाया

सोनू निगम ने हिंदी के अलावा कई भाषाओं और बोलियों में गाने गाए हैं, लेकिन ह्यचुन्नीह्व के जरिए उन्होंने पहली बार हरियाणवी गाने को आवाज दी। हरियाणवी के शब्दों और ठेठ उच्चारण के लिए गाने के लेखक आमीन बड़ौदी ने उनकी मदद की। सोनू निगम खुद फरीदाबाद से हैं और हरियाणवी समझते हैं।



### चार गाने पसंद नहीं आए पांचवें पर बनी बात

चुन्नी से पहले आमीन बड़ौदी ने सोनू निगम के लिए चार गाने लिखे थे, लेकिन उनके लिरिक्स पसंद नहीं आए। इसके बाद पांचवां गाना ह्यचुन्नीह्व लिखा गया, जिसे सोनू निगम ने पसंद किया और गाने के लिए सहमति दी। 7 अगस्त को यह गाना रिलीज हुआ।


### हरियाणवी कलाकारों ने संभाली कमान

गाने की राइटिंग आमीन बड़ौदी ने, डायरेक्शन साहिल संधू ने और म्यूजिक चंडीगढ़ के डञ्ञ म्यूजिक ने तैयार किया। यानी गाने में हरियाणा से जुड़े कलाकारों की शुरूआत से बड़ी भूमिका रही।

### मुंबई में सोनू, चंडीगढ़ में रेणुका ने की रिकॉर्डिंग

सोनू निगम ने जून में मुंबई स्थित अपने स्टूडियो में मेल वर्जन रिकॉर्ड किया, जबकि रेणुका ने चंडीगढ़ के डञ्ञ म्यूजिक स्टूडियो में फीमेल वर्जन रिकॉर्ड किया।

# सलमान खान और संजय दत्त फिर साथ दिखेंगे



बॉलीवुड स्टार सलमान खान और संजय दत्त की इंटरनेशनल एक्शन थ्रिलर फिल्म '7 डॉग्स' भारत के सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। सलमान खान ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी है कि यह फिल्म 21 अगस्त को भारतीय थिएटर्स में लगेगी। फिल्म का निर्देशन बिलाल फल्लाह और आदिल एल अरबी ने किया है। इस फिल्म में मिस्त्र के स्टार्स करीम अब्दुल-अजीज और अहमद एज मुख्य भूमिकाओं में हैं, जबकि सलमान खान और संजय दत्त कैमियो रोल में नजर आएंगे। यह फिल्म इस साल की शुरूआत में मिडिल ईस्ट के देशों में रिलीज हो चुकी है।

### टीजर में दिखा था दोनों अभिनेताओं का अंदाज

फिल्म '7 डॉग्स' का टीजर पिछले साल जारी किया गया था। टीजर की शुरूआत में संजय दत्त हाथ में बंदूक लिए नजर आए थे। वहीं टीजर के आखिरी हिस्से में सलमान खान सूट-बूट में दिखे थे। दोनों अभिनेताओं के टीजर में आने के बाद से ही भारतीय दर्शकों के बीच इस फिल्म को लेकर चर्चा थी।

# शहनाज गिल के साथ शूटिंग के दौरान हादसा, गलती से निगल गईं नाक की नथनी

एक्ट्रेस शहनाज गिल एक प्रोजेक्ट की शूटिंग के दौरान हादसे का शिकार हो गईं। सेट पर दौड़ते समय उनकी नाक की नथ अचानक मुंह में चली गई, जिसे वे गलती से निगल गईं।

शहनाज ने इस पूरी घटना का एक बिहाइंड द सीन्स वीडियो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। हालांकि इस घटना के बाद भी शहनाज ने अपनी शूटिंग रोकी नहीं और काम पूरा किया।




### सीन के दौरान दौड़ रही थीं

शहनाज शहनाज गिल की ओर से शेयर किए गए वीडियो में वे सेट पर एक सीन के लिए दौड़ती नजर आ रही हैं। दौड़ते समय अचानक उनकी नाक की नथ निकलकर मुंह के अंदर चली जाती है। इसके बाद शहनाज खुद को संभालने की कोशिश करती हैं और उल्टी करने का प्रयास करती हैं। स्थिति बिगड़ते देख सेट पर मौजूद एक्टर सौरभ सचदेवा तुरंत दौड़कर उनके पास आते हैं और उनकी पीठ थपथपाकर उनकी मदद करते हैं।

### हादसा होने के बाद भी पूरी की शूटिंग

नाक की न ा थ ा निगलने की घटना के बाद भी शहनाज ने सेट पर पैनिक नहीं किया। उन्होंने स्थिति को संभाला और कुछ देर बाद ही दोबारा शूटिंग शुरू कर दी। शहनाज का काम के प्रति यह समर्पण देखकर उनके सह-कलाकारों और क्रू मेंबर्स ने भी उनकी हिम्मत की तारीफ की।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...



## रंग भरकर चित्र बनाओ





## 'जोक्स


पति-पत्नी चोरी के बारे में बात कर रहे थे...
पति - जो चोरी करता है, वो बाद में बहुत पछताता है।
पत्नी (रोमांटिक अंदाज में) बोली - और तुमने शादी से पहले जो मेरी नींदें चुराई थी, मेरा दिल चुराया था, उनके बारे में क्या ख्याल है...?
पति - कह तो रहा हूं, जो चोरी करता है वो बाद में बहुत पछताता है...!




कभी भी अकेलेपन का अहसास सताए, तो भूत वाली मूवी देखो... कसम से कभी अकेलापन महसूस नहीं होगा, हर वक्त लगेगा कि कोई पीछे खड़ा है...!

पत्नी (पति से) - कहां जा रहे हो...?
पति - मरने जा रहा हूं...!
पत्नी - साथ में थैली लेकर जाना...
पति - वो किसलिए...?
पत्नी - अगर इरादा बदल जाए, तो आते समय कुछ सब्जियां लेते आना...!

## वर्ग पहेली





**बाएं से दाएं**

1. कलाकार, अदाकार-4
4. फूलों की छोटी माला, वेणी-3
6. पैर, पांव-2
7. अधिकार-2
9. खानाबदोश, बंजारा-4
11. राशन, खाद्य सामग्री-3
12. टेसू के फूल-3
13. कपोल, रुखसार-2
14. विजय-2
15. डोली उठाने वाले-3
17. जल प्रपात-3
18. गठबंधन-4
21. पानी, जल-2
23. नौका-2
24. देह, काया, शरीर-3
25. अगुवा, राह दिखाने वाला-4

**ऊपर से नीचे**

1. उपवास का खाना-4
2. झुका हुआ-2
3. व्यवहार-3
4. समयघोष-3
5. मार्ग, पथ-2
8. गागर, घड़ा, घट-3
9. स्मारक-4
10. हत्या, कत्ल-2
12. पत्तों के गिरने का मौसम-4
15. कथा, गाथा-3
16. अष्टम-2
18. नामचीन-4
19. रवाना होना-3
20. विदूषक, मसखरा-3
22. ईश्वर, भगवान-2
23. बटन, स्विच-2

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 39 | | 56 | | 2 | | 35 | = | 58 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 33 | | 12 | | 3 | | 14 | = | 10 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 2 | | 3 | | 6 | | 10 | = | 10 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 24 | | 2 | | 12 | | 2 | = | 12 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 32 | | 43 | | 18 | | 22 | = | 46 / 35 |

**संकेत**

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो.

## शब्दों का जाल



शब्दजाल में 'क' से शुरु होने वाले दस शब्द ढूंढिए. शब्द ऊपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं.

कबूतर, कमजोर, कलयुग, कलंक, कलश, कलाई, करामात, करतूत कर्म, कमर

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | 6 | | 2 |
| 6 | 34 | | 33 | | 33 | |
| 5 | | 3 | | 7 | | 4 |
| 1 | 22 | | 35 | | 34 | |
| | | 5 | 6 | 2 | | 3 |
| 3 | 30 | | 37 | 5 | 33 | |
| 2 | | 7 | | | 6 | 1 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### माथा पच्ची का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 50 | x | 2 | - | 75 | + | 10 | = | 35 |
| + | ■ | + | ■ | - | ■ | + | ■ | + |
| 20 | x | 5 | - | 50 | + | 2 | = | 25 |
| + | ■ | + | ■ | + | ■ | + | ■ | + |
| 30 | + | 30 | x | 1 | - | 30 | = | 30 |
| - | ■ | - | ■ | + | ■ | + | ■ | - |
| 50 | - | 25 | + | 5 | x | 2 | = | 60 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 50 | - | 12 | - | 30 | + | 21 | = | |

### अष्टयोग का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 7 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 2 | 33 | 1 | 34 | 6 | 30 | 5 |
| 3 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 2 |
| 4 | 36 | 2 | 32 | 1 | 23 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 1 |
| 6 | 36 | 6 | 34 | 4 | 31 | 3 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |

### शब्दजाल का हल



## सूडोकू नवताल

***** कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | 9 | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 9 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | 1 | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल ..... का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, मंगलवासरः 11 अगस्त, 2026

## सुभाषितानि

**अलसस्य कुतो विद्या, अविद्यस्य कुतो धनम्।**
**अधनस्य कुतो मित्रम्, अमित्रस्य कुतः सुखम्।।**

**भावार्थ** : जहां आलसी के लिए ज्ञान है (आलसी के लिए ज्ञान नहीं), जहां अज्ञानी के लिए धन है (अज्ञानी के लिए धन नहीं है); जहां एक गरीब के दोस्त होते हैं (एक गरीब के पास दोस्त नहीं होते) और दोस्तों के बिना कोई कैसे खुश रह सकता है।

**द्वौ अम्भसि निवेष्टव्यौ गले बद्ध्वा दृढां शिलाम्।**
**धनवन्तम् अदातारम् दरिद्रं च अतपस्विनम्।।**

**भावार्थ** : जो धनी होते हुए भी दान आदि नहीं करते और जो गरीब होते हुए भी परिश्रम नहीं करते, ऐसे लोगों के गले में पत्थर बांधकर समुद्र में फेंक देना चाहिए।

## सम्पादकीयम्


### पीओके इत्यस्मिन् अशान्तिः आरक्षिताः

पीओके इत्यस्मिन् अशान्तिः आरक्षिताः आसनानि जन आक्रोशं जनयन्ति; पाकिस्तानस्य नीतीनां विषये गम्भीराः प्रश्नाः उत्थापिताः पाकिस्तान-कब्जित-कश्मीरे आरक्षित-सीटानां विषये यत् हिंसां प्रवृत्ता अस्ति, तस्मात् इस्लामाबाद-देशस्य नीतीनां विषये प्रश्नाः उत्पन्नाः सन्ति। सुरक्षाबलस्य दमनस्य, जेएएसी-प्रतिबन्धस्य, वर्धमानस्य जनक्रोधस्य च कारणेन अस्मिन् क्षेत्रे असन्तुष्टिः गभीरा अभवत्। पाकिस्तान-कब्जित-कश्मीरे हिंसायाः कारणात् इस्लामाबादस्य असफलताः उजागरिताः सन्ति। तत्र वर्तमानस्थितिः न षड्यंत्रस्य, आकस्मिकस्य क्रोधस्य वा प्रकोपस्य परिणामः; अपितु वषाणां दमित-असन्तुष्टेः कारणम् अस्ति। नागरिकानां वधः : अन्तर्राष्ट्रीयमाध्यमानां अनुसारं इत्यत्र अन्तर्जालः निरुद्धः अस्ति, सेना च वीथिषु गस्तं कुर्वती अस्ति। सुरक्षाबलानाम् गोलीकाण्डे अनेके नागरिकाः मृताः सन्ति। यद्यपि दुर्घटनानां संख्या भिन्ना भवति तथापि आतङ्कजनकः पक्षः अस्ति यत सेना निःशस्त्रजनानाम् विरुद्धं कथं स्वशक्तिं विमोचयितुं शक्नोति। एतादृशानां कठोरपरिहारानाम् अभावेऽपि जन आक्रोशः अद्यापि वर्तते। अस्मिन् समये विधानसभायाः १२ आरक्षितानां आसनानां कृते एषः विषयः आरब्धः।

**एआइ-माङ्गस्य वर्धमानस्य कारणेन २०२८ पर्यन्तं चिप्-अभाव**

# स्थातुं शक्नोति; अभिलेखलाभानां मध्यं सेमसंग इत्यनेन प्रमुखा चेतावनी जारीकृता

ब्रह्मास्त्र ›› सियोल



आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स उपयोगस्य तीव्रविस्तारस्य मध्यं सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स-इलेक्ट्रॉनिक्स-स्मृतिचिप्-निमार्णे वैश्विक-अग्रणी-वैश्विक-अर्धचालक-उद्योगस्य विषये महत्त्वपूर्णा चेतावनी जारीकृतवती अस्ति एआइ आधारभूतसंरचनायाः निरन्तरं वर्धमानस्य माङ्गल्याः कारणात् २०२८ पर्यन्तं वैश्विकचिप्-अभावः स्थातुं शक्नोति इति कम्पनी कथयति। सैमसंग परियोजना यत् चिप्-आपूर्तिषु दबावः वर्तमानस्तरस्य तुलने २०२७ तमे वर्षे अधिकं तीव्रः भविष्यति, यस्य प्रभावः परवर्षे यावत् विस्तारितः भवितुम् अर्हति।

एतत वक्तव्यं तदा आगच्छति यदा कम्पनी स्वस्य अर्धचालकविभागे अभिलेखलाभानां सूचनां ददाति। सैमसंग-संस्थायाः अनुसारं एआइ-सर्व, डाटा-सेण्ट, उच्च-प्रदर्शन-कम्प्यूटिङ्ग-इत्यत्र च प्रयुक्तानां मेमोरी-चिप्स्-इत्यस्य वर्धमानेन माङ्गल्येन कम्पनीयाः अर्जनस्य अभूतपूर्ववृद्धिः अभवत् वित्तीयपरिणामेन निवेशकानां चिन्ता अपि बहुधा न्यूनीकृता येषां आशङ्का आसीत् यत् भविष्ये एआइ आधारभूतसंरचनायां विशालनिवेशः मन्दः भवेत् इति।

सैमसंगस्य स्मृतिव्यापारस्य कार्यकारी उपाध्यक्षः जेजुने किमः विश्लेषकान् अवदत् यत् वैश्विकचिपमागधा निरन्तरं वर्धमाना अस्ति, यदा तु आपूर्तिः तालमेलं स्थापयितुं असफलः अस्ति। सः अवदत् यत् २०२७ तमे वर्षे आपूर्तिस्य स्थितिः अधिका चुनौतीपूर्णा भवितुम् अर्हति, २०२८ तमे वर्षे यावत् दबावः निरन्तरं भवितुं शक्नोति।

कम्पनी प्रकाशितवती यत् पञ्चभिः प्रमुखैः वैश्विकदत्तांशकेन्द्रकम्पनीभिः सह दीर्घकालीनचिप् आपूर्तिसम्झौताः सुरक्षिताः सन्ति, अन्यैः पञ्चभिः बृहत्ग्राहकैः सह सौदाः अन्तिमपदे सन्ति एते अनुबन्धाः न्यूनातिन्यूनं पञ्चवर्षेषु व्याप्ताः भविष्यन्ति तथा च कम्पनीयाः दीर्घकालीन-उत्पादनक्षमतायाः प्रायः ६०% तः ७०% यावत् भागं व्याप्नुयुः। सम्झौतेषु पर्याप्तपूञ्जीनिवेशेन सह सम्बद्धानां जोखिमानां न्यूनीकरणाय अग्रिमभुक्तिः, न्यूनतममूल्यनिर्धारणं च इत्यादीनि शर्ताः सन्ति। सैमसंग इत्यस्य मतं यत् एआइ-आधारित-दत्तांशकेन्द्रस्य विस्तारस्य पार्श्वे आगामिषु वर्षेषु मेमोरी-चिप्स-माङ्गं निरन्तरं वर्धते। उच्चबैण्डविड्थ मेमोरी चिप्स्, विशेषतः एआइ प्रोसेसरेषु उपयुज्यमानाः, कम्पनीयाः प्रमुखवृद्धिक्षेत्रेषु अन्यतमाः भविष्यन्ति इति अपेक्षा अस्ति। कम्पनीयाः परियोजना अस्ति यत् एच् बी एम ४ चिप्स् इत्यस्मात् राजस्वं तृतीयत्रिमासे त्रिगुणाधिकं भवितुम् अर्हति। तदतिरिक्तं, अस्मिन् क्षेत्रे स्वस्य विपण्यभागं स्वस्य -व्यापारस्य तुलनीयस्तरं यावत् वर्धयितुं योजनासु कार्यं कुर्वन् अस्ति।

तस्य वित्तीयपरिणामानुसारं सैमसंगस्य अर्धचालकव्यापारेण द्वितीयत्रिमासे ८९.२ खरब वोन (लगभग ६१.७ अरब अमेरिकीडॉल) परिचालनलाभः प्राप्तः, यत् गतवर्षस्य समानकालस्य तुलने २५० गुणाधिकं वृद्धिं प्रतिनिधियति कम्पनीयाः कुलत्रैमासिकराजस्वं १७१.५ खरब वोन अभवत्-वर्षे वर्षे प्रायः १३० प्रतिशतं अधिकम्-तथा कुलसञ्चालनलाभः ८९.५ खरब वोनः अभवत्।

परन्तु चिप्-व्यापारे अभिलेख-लाभस्य अभावेऽपि कम्पनीयाः मोबाईल्-विभागः दबावस्य सामनां कृतवान्। अर्धचालकस्य मूल्येषु वर्धमानेन स्मार्टफोनव्यापारस्य व्ययस्य महती वृद्धिः अभवत्, येन द्वितीयत्रिमासे मोबाईल-एककस्य ७०० अरब-वॉन्-रूप्यकाणां हानिः अभवत् एतेन विभागस्य प्रथमा त्रैमासिकहानिः कतिपयवर्षेभ्यः अभवत्।

**प्रसिद्धा अभिनेत्री त्रिशायाः**

## राज्यस्य मुख्यमन्त्री विजयस्य च विषये कथितानां अपमानजनकानाम्

ब्रह्मास्त्र ›› चैन्नई

एकः प्रमुखः राजनैतिकः उत्थानः पुनः तमिलनाडु-नगरं कम्पितवान् अस्ति। प्रसिद्धा अभिनेत्री त्रिशायाः राज्यस्य मुख्यमन्त्री विजयस्य च विषये कथितानां अपमानजनकानाम्, द्विगुणितानां च टिप्पणीनां सन्दर्भे डीएमके-सङ्घस्य प्रमुखः नेता पूर्व-उप-सी.एम. चेन्नईपुलिसदलेन तं निवासस्थानात् निग्रहे गृहीतम्। अस्य उच्चस्तरीयस्य गृहीतस्य पूर्वं तस्य गृहस्य बहिः उच्चनाटकं प्रवृत्तम्, यतः पुलिसैः कतिपयान् डीएमके-कर्मचारिणः निरुद्धाः ये कठिनसुरक्षा-घर्तृत्वं भङ्गयितुं प्रयतन्ते स्म।

डीएमके-नेता, विधानसभायां विपक्षस्य नेता च उधयनिधि-स्टालिनः निग्रहे गृहीतस्य तत्क्षणमेव औपचारिकरूपेण गृहीतः। समाचाराः सूचयन्ति यत् एकः पुलिसदलः तं चेन्नैतः तंजावूरं यावत् प्रचण्डसुरक्षायाः अधीनं परिवहनं कुर्वन् अस्ति; प्रक्रिया औपचारिकतायाः समाप्तेः अनन्तरं तत्र न्यायालयस्य समक्षं प्रस्तुतः भविष्यति। अस्य गृहीतस्य विषये डीएमके-समर्थकाः क्रोधेन उद्धृताः सन्ति। समर्थकाः ईसीआर-मार्गे-उधयनिधि-परिवहनार्थं प्रयुक्ते मार्गे-विशालं जामम् अकुर्वन्-पुलिस-प्रशासनयोः विरुद्धं नाराः अपि उत्थापितवन्तः आन्दोलनकारिणः मार्गात् स्वच्छं कृत्वा स्थितिं नियन्त्रणे आनेतुं पुलिस सक्रियरूपेण कार्यं कुर्वती अस्ति। एषः समग्रः विवादः कथं आरब्धः कावेरीजलविवादसम्बद्धे तञ्जावूरे जनसभायां एषः विवादः उत्पन्नः। सभां सम्बोधयन् उधयनिधिस्टालिन् मुख्यमन्त्री विजयं लक्ष्यं कुर्वन् आसीत् यदा जनसमूहे केचन व्यक्तिः सहसा त्रिशा, त्रिशा इति उद्घोषयितुं आरब्धवन्तः। वाक्यं विरामं कृत्वा उधयनिधिः अत्यन्तं अपमानजनकं द्विअर्थभारयुक्तं च टिप्पणीं कृतवान्। तस्य वक्तव्यस्य अनन्तरं सत्ताधारी टीवीके दलेन प्रबलविरोधस्य चेतावनी दत्ता, अपरपुलिसआयुक्तः नरेन्द्रन नायरः च मुख्यमन्त्रीविरुद्धं टिप्पणीनां विषये प्राथमिकी पञ्जीकृतः इति पुष्टिं कृतवान्।

## अत्र अपि मोनू शुक्लः महत्त्वपूर्णां भूमिकां निर्वहति

ब्रह्मास्त्र ›› मुंबई

सुपर ओवरे प्रथमं बल्लेबाजीं कृत्वा आउटर दिल्ली वारियर्स् २० रनं कृतवान्। अत्र अपि मोनू शुक्लः महत्त्वपूर्णां भूमिकां निर्वहति स्म, आक्रामकरूपेण बल्लेबाजीं कृत्वा दलस्य सशक्तं कुलं स्थापयितुं साहाय्यं कृतवान्। २१ रनस्य लक्ष्यं अनुसृत्य नवीदिल्ली टाइगर्स्-क्लबः उत्तमं आरम्भं कृतवान्; कप्तानः हिम्मतसिंहः प्रथमे एव कन्दुकस्य विशालं षट्कं भग्नं कृत्वा उत्साहं वर्धितवान्। हिम्मतसिंहः अग्रिमे एव प्रसवस्य समये निष्कासितः अभवत्, येन टाइगर्स्-क्लबस्य उपरि दबावः वर्धितः। ततः शेषचतुर्णां कन्दुकानाम् उपरि दलस्य १५ धावनस्य आवश्यकता आसीत्।

## राशिफल

**मेष** : दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। लंबे समय से काम पूरा हो सकता है। पैसों को लेकर चल रही चिंता कम हो सकती है।

**वृषभ** : दिन अच्छा रह सकता है। नौकरी और कारोबार में नए मौके मिल सकते हैं। पैसों की स्थिति मजबूत बनी रहेगी।

**मिथुन** : दिन संभलकर चलने का है। किसी भी काम में जल्दबाजी न करें। पैसों से जुड़ा फैसला सोच-समझकर लें।

**कर्क** : आज का दिन आपके लिए कुछ नए मौके लेकर आ सकता है। नौकरीपेशा लोगों को फायदा मिल सकता है।

**सिंह** : दिन अच्छा रहने वाला है। मेहनत का फायदा मिल सकता है। कारोबार से जुड़े लोगों को लाभ होने के आसार हैं।

**कन्या** : दिनभर भागदौड़ बनी रह सकती है। नौकरी करने वालों को नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

**तुला** : दिन राहत देने वाला रह सकता है। कोई रुका हुआ काम पूरा होने से मन खुश रहेगा। नौकरी और कारोबार में स्थिति ठीक रहेगी।

**वृश्चिक** : दिन आपके लिए अच्छा रह सकता है। काम में मन लगेगा और कुछ रुके हुए काम भी आगे बढ़ सकते हैं।

**धनु** : दिन सामान्य रहेगा। रोज के काम समय पर पूरे हो जाएंगे। किसी पुराने दोस्त से बात हो सकती है।

**मकर** : आज वर्कप्लेस पर नई जिम्मेदारियां लें, जो आपकी प्रोफेशनल काबिलियत को साबित करेंगी।

**कुंभ** : दिन मिला-जुला रह सकता है। छोटी-छोटी बातों को लेकर ज्यादा परेशान न हों। कामकाज में स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन** : दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। कोई पुराना काम पूरा हो सकता है, जिससे राहत मिलेगी।

## ज्योतिष/वास्तु

# अचानक होता है पैसा खर्च या रहती है मेंटल प्रॉब्लम खराब है केतु, जानिए खराब केतु के 10 लक्षण

जब केतु अशुभ स्थिति में होता है तो व्यक्ति के जीवन में अनिश्चितता, भ्रम और मानसिक अस्थिरता बढ़ा सकता है। आइए जानते हैं खराब केतु के 10 प्रमुख लक्षण, जो आपके जीवन में दिखाई दे सकते हैं।

कभी-कभी जीवन में सब कुछ ठीक होते हुए भी अचानक खर्च बढ़ने लगता है, मन अशांत रहता है और बिना किसी ठोस कारण के उलझन महसूस होती है। कई लोग इसे किस्मत का खेल मानते हैं, तो कुछ इसे मानसिक तनाव समझकर नजरअंदाज कर देते हैं। ज्योतिष के अनुसार, इन स्थितियों के पीछे ग्रहों का भी बड़ा प्रभाव होता है। खासतौर पर केतु, जिसे छाया ग्रह कहा जाता है, जब अशुभ स्थिति में होता है तो व्यक्ति के जीवन में अनिश्चितता, भ्रम और मानसिक अस्थिरता बढ़ा सकता है। आइए जानते हैं खराब केतु के 10 प्रमुख लक्षण, जो आपके जीवन में दिखाई दे सकते हैं।



1. **अचानक धन हानि-** अगर बिना किसी योजना के पैसा बार-बार खर्च हो रहा है या बचत नहीं हो पा रही, तो यह केतु के अशुभ प्रभाव का संकेत हो सकता है।
2. **मानसिक अशांति और तनाव-** मन में हमेशा बेचैनी रहना, बिना कारण चिंता होना और निर्णय लेने में दिक्कत होना खराब केतु की निशानी मानी जाती है।
3. **एकाग्रता की कमी-** काम पर ध्यान न लगना, पढ़ाई में मन न लगना और बार-बार ध्यान भटकना भी केतु के प्रभाव से जुड़ा हो सकता है।
4. **अनजाना डर और भ्रम-** कई बार व्यक्ति को बिना कारण डर महसूस होता है या चीजों को लेकर भ्रम की स्थिति बनी रहती है।
5. **रिश्तों में दूरी-** परिवार या दोस्तों के साथ अचानक दूरी बढ़ना, गलतफहमियां होना भी केतु के अशुभ प्रभाव का संकेत हो सकता है।
6. **नींद से जुड़ी समस्याएं-** अनिद्रा, डरावने सपने या बार-बार नींद टूटना भी खराब केतु के लक्षणों में शामिल है।
7. **अचानक दुर्घटनाएं या चोट-** बार-बार छोटी-मोटी चोट लगना या दुर्घटनाएं होना भी इस ग्रह के नकारात्मक प्रभाव को दशार्ता है।
8. **आध्यात्मिक उलझन-** केतु आध्यात्मिकता का कारक है, लेकिन जब यह खराब होता है तो व्यक्ति को सही और गलत की समझ में भ्रम हो सकता है।
9. **स्वास्थ्य समस्याएं-** त्वचा रोग, नसों से जुड़ी समस्याएं या अचानक होने वाली बीमारियां भी इसके संकेत हो सकते हैं।
10. **अकेलापन महसूस होना-** भीड़ में रहकर भी अकेलापन महसूस करना और खुद को अलग-थलग समझना केतु के प्रभाव का एक सामान्य लक्षण है।

केतु का प्रभाव हर व्यक्ति की कुंडली के अनुसार अलग-अलग हो सकता है। अगर आपको इनमें से कई संकेत एक साथ महसूस हो रहे हैं, तो किसी अनुभवी ज्योतिषी से सलाह लेना बेहतर होगा। साथ ही, सकारात्मक सोच, ध्यान और संतुलित जीवनशैली अपनाकर भी इन प्रभावों को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

**बॉक्सर नरेंद्र ने पाकिस्तानी प्लेयर का नरेंद्र नाम से नफरत वाला किस्सा सुनाया, पीएम हंस दिए**

# मीराबाई के आंसू गोल्ड मेडल जैसे लगे: मोदी

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को नई दिल्ली में कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों से मुलाकात की। इस मुलाकात का वीडियो सोमवार को यूट्यूब पर लाइव किया गया।

पीएम मोदी ने बातचीत की शुरूआत में कहा, पिछले 10-12 सालों में अगर मैं इस आवास पर नियमित रूप से किसी से मिला हूं, तो वे खिलाड़ी हैं। 10-12 सालों में खिलाड़ियों की मेहनत, लगातार सफलता और नई ऊंचाइयों को छूने की परंपरा ने देश का मान बढ़ाया है।

**चानू बोलीं- मैं अपने आंसू नहीं रोक सकी-** पीएम मोदी ने वेटलिफ्टर मीराबाई चानू से कहा, आपके इतने आंसू टपक रहे थे कि मुझे लगा, हर बूंद से जैसे गोल्ड मेडल टपक रहा हो। चानू ने कहा, पेरिस ओलिंपिक में मेडल से चूकने के बाद पिछले चार साल मेरे लिए बेहद मुश्किल रहे। इस दौरान मुझे लगातार चोटों और पारिवारिक परेशानियों का सामना करना पड़ा। कॉमनवेल्थ गेम्स में पदक जीतने के बाद जब मैं पोडियम पर खड़ी थी और राष्ट्रगान बज रहा था, तब मैं अपने आंसू नहीं रोक सकी।

**बेरवाल ने सुनाया पाकिस्तानी बॉक्सर का किस्सा-** नरेंद्र बेरवाल ने 2015 वर्ल्ड मिलिट्री गेम्स का एक मजेदार किस्सा सुनाया। उन्होंने बताया कि उनका पहला मुकाबला पाकिस्तान के बॉक्सर से था। मुकाबले से पहले भारतीय सेना की ओर से उन्हें फोन आया था। कहा गया था कि पाकिस्तान से मुकाबला नहीं हारना है। बेरवाल ने फाइट जीत ली। दोनों बॉक्सर इस दौरान चोटिल भी हुए। इसके बाद इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे। वहां पाकिस्तानी बॉक्सर ने बेरवाल से कहा- भाईजान, एक बात बोलूं, आपका नाम नरेंद्र है, आपके कोच का नाम नरेंद्र है और आपके प्रधानमंत्री का नाम भी नरेंद्र है। इसके बाद उसने मजाक में कहा कि उसे नरेंद्र नाम से ही नफरत हो गई है। किस्सा सुनकर पीएम मोदी भी हंस पड़े।

**जादुमणि बोले- पाकिस्तानी बॉक्सर को हराना तय कर लिया था**

बॉक्सर जादुमणि सिंह ने पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले का अनुभव साझा किया। उन्होंने 26 जुलाई को प्री-क्वार्टरफाइनल में पाकिस्तान के रहमान सुमामा को 5-0 से हराया था। मुकाबला कारगिल विजय दिवस के दिन हुआ था। जादुमणि ने कहा कि वे भारतीय सेना से जुड़े हैं। इसलिए उन्होंने पहले ही तय कर लिया था कि पाकिस्तान को हराना है। जीत के बाद उन्होंने अपना मेडल कारगिल के वीरों को समर्पित किया। पीएम मोदी ने भी उनके इस जज्बे की तारीफ की।

### सीमा बोलीं- अब दोस्तों से कहूंगी, हां मोदी जी से मिली हूं

हरियाणा की सीमा कालीरमन ने भी मुलाकात का मजेदार किस्सा बताया। उन्होंने कहा कि उनके दोस्त अक्सर मजाक में पूछते थे- तुमने मोदी से मुलाकात कर ली। सीमा ने कहा कि अब वह खुशी से उन्हें बता पाएंगी- हां, मैं मोदी जी से मिली हूं। सीमा ने डिस्कस थ्रो में 58.65 मीटर का थ्रो कर ब्रॉन्ज मेडल जीता था।

- **लवलीना के गलत नक्शे पर आपत्ति की मोदी ने तारीफ की-** मुलाकात में बॉक्सर लवलीना बोरगोहेन का किस्सा भी सामने आया। ग्लासगो के एक रेस्टोरेंट में भारत का गलत नक्शा देखकर लवलीना ने आपत्ति जताई थी। उन्होंने रेस्टोरेंट के कर्मचारियों से नक्शा ठीक करने को कहा था। पीएम मोदी ने इस कदम की तारीफ की। उन्होंने कहा कि मेडल जीतने की खुशी के बीच भी लवलीना ने नक्शे की गलती पहचानी। यह घटना लंबे समय तक याद रखी जाएगी।
- **दिलीप ने मेडल अपने कोच को गिफ्ट किया-** पैरा एथलीट दिलीप महादु गावित ने अपना मेडल कोच को डेडिकेट किया। उन्होंने बताया कि इवेंट के दिन गुरु पूर्णिमा थी। इसलिए उन्होंने मेडल अपने गुरु को गिफ्ट कर दिया। दिलीप ने पैरा टी47 कैटेगरी की 100 मीटर रेस में 10.71 सेकेंड का समय निकालकर गोल्ड जीता था।
- **पहले भी खिलाड़ियों से मिल चुके हैं मोदी-** कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत ने कुल 39 मेडल जीते। इनमें 13 गोल्ड शामिल रहे। बॉक्सिंग भारत का सबसे सफल खेल रहा। भारतीय बॉक्सरों ने 7 गोल्ड और 3 सिल्वर समेत 10 मेडल जीते। एथलेटिक्स से 10, वेटलिफ्टिंग से 8, पैरा एथलेटिक्स से 6, जूडो से 4 और पैरा पावरलिफ्टिंग से 1 मेडल मिला। यानी भारत के 39 में से 37 मेडल पांच खेलों से आए।

## सरफराज खान 2 साल बाद भारतीय टीम में शामिल

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

बैटर सरफराज खान को दो साल बाद टीम इंडिया में जगह मिली है। उन्हें श्रीलंका दौर पर चोटिल साई सुदर्शन की जगह शामिल किया गया। बीसीसीआई ने इसकी जानकारी दी। भारतीय टीम श्रीलंका के खिलाफ गॉल में 15 अगस्त से पहला टेस्ट खेलेगी। सरफराज ने पिछला टेस्ट 2024 में वानखेड़े स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। वे अब तक 6 टेस्ट मैच ही खेल सके हैं। बीसीसीआई ने साई सुदर्शन की रिकवरी पर अपडेट भी दिया। साई सुदर्शन बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैबिलिटेशन कर रहे हैं। वे अच्छी तरह ठीक हो रहे हैं। मेडिकल टीम उनकी रिकवरी पर लगातार नजर बनाए हुए है। साई सुदर्शन को पिछले महीने श्रीलंका-ए के खिलाफ दूसरे अनऑफिशियल टेस्ट के दौरान पैर के अंगूठे में चोट लगी थी। उन्होंने उसी दौरे पर लगातार दो शतक जड़कर शानदार फॉर्म दिखाई थी। श्रीलंका दौरे से पहले ही भारतीय टीम कई चोटों से परेशान है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह घुटने की चोट के कारण पूरी टेस्ट सीरीज से बाहर हो चुके हैं।

# भारतीय मूल की 11 साल की लड़की ब्रिटिश चेस चैंपियन




### बोधन सिवानंदन ने रैपिड प्लेऑफ में खिताब जीता

ब्रह्मास्त्र ›› ग्लासगो

भारतीय मूल की 11 साल की बोधन सिवानंदन ब्रिटेन की सबसे कम उम्र की महिला चेस चैंपियन बन गई हैं। उन्होंने आयरलैंड की त्रिशा कन्यामराला को रैपिड चेस प्लेऑफ में हराकर ब्रिटिश चेस चैंपियनशिप का खिताब जीता।

बोधन के अलावा भारतीय मूल के ही 17 साल के श्रीयस रॉयल ने भी चैंपियनशिप अपने नाम किया। श्रीयस ने नौ राउंड के बाद पॉइंट टेबल में सबसे ऊपर रहते हुए ओपन ब्रिटिश खिताब अपने नाम किया। 1 अगस्त को शुरू हुआ टूर्नामेंट रविवार को कोवेंट्री में खत्म हुआ। बोधन ने कोविड महामारी के लॉकडाउन के दौरान पहली बार चेस खेलना शुरू किया था। उस समय उनके पिता के एक दोस्त भारत लौट रहे थे। उन्होंने उसे कुछ बैग दिए थे, जिनमें चेस बोर्ड भी था। नॉर्थ-वेस्ट लंदन की स्कूली छात्रा ने इसके बाद लगातार रिकॉर्ड बनाए। तेज फॉर्मेट में वह पहले ही यूके ओपन महिला ब्लिट्ज चैंपियन और संयुक्त ब्रिटिश महिला रैपिड चैंपियन बन चुकी हैं। क्लासिकल फॉर्मेट के इस टूर्नामेंट की जीत के साथ 11 साल की बोधन ने तीनों फॉर्मेट में खिताब जीतने की उपलब्धि हासिल की। इस चैंपियनशिप में उन्हें एकमात्र हार छठे राउंड में श्रीयस रॉयल से मिली। श्रीयस ने पहला ब्रिटिश खिताब जीता है। उन्हें 15 साल की उम्र में इंग्लैंड का यंगेस्ट ग्रैंडमास्टर घोषित किया गया था।

## खबर एक नजर...

### दिनभर हुई बारिश के बाद 4.5 डिग्री गिरा तापमान

**उज्जैन।** रविवार रात शुरू हुई बारिश सोमवार को दिनभर जारी रही। बारिश के साथ हवा 12 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलती रही। बारिश और हवा से मौसम में ठंडक महसूस हुई और अधिकतम तामपान में 4.5 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। स्थानीय जीवाजी वेधशाला अधीक्षक डॉ. राजेन्द्र प्रसाद गुप्त ने बताया कि सोमवार को अधिकतम तापमान 24.5 डिग्री दर्ज किया गया। एक दिन पहले रविवार को 29 डिग्री रहा था। रविवार सोमवार रात न्यूनतम तापमान 23.3 डिग्री दर्ज हुआ था। जिसके चलते दिन-रात के तापमान में मात्र 1.2 डिग्री का अंतर रहा गया था। वेधशाला अधीक्षक के अनुसार मौसम विभाग ने 13 अगस्त तक बारिश का अलर्ट जारी किया है। शहर में रूक-रूक बारिश का दौर बना रहेगा। अब तक शहर में 579 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है। जो 23 इंच है, शहर में बारिश का औसत 36 इंच पर्याप्त माना गया है, जिसमें अब भी 13 इंच की जरूरत है। आगामी 13 अगस्त तक जारी अलर्ट के दौरान तेज बारिश हुई तो संभावना है कि इस माह 30 इंच तक बारिश दर्ज हो सकती है। वैसे वषार्काल का समय 15 सितंबर तक है, इच बीच औसतन बारिश का आंकड़ा पूरा हो जायेगा।

### छात्रा की संदिग्ध मौत जहर खाने की आशंका

**उज्जैन।** महिदपुर के मॉडल स्कूल में कक्षा 7 वीं का अध्ययन करने वाली छात्रा रोशनी पिता भरतलाल 14 साल निवासी खजूरिया मंसूर की क्लास रूम में अचानक तबीयत बिगड़ गई थी। स्कूल स्टॉफ ने उसे उल्टियां करते देखा तो अस्पातल पहुंचाया और परिजनों को सूचना दी। महिदपुर अस्पताल से डॉक्टरों ने हालत गंभीर होने पर रैफर कर दिया। परिजन उज्जैन लेकर आये थे, जहां उसकी मौत हो गई। डॉक्टरों ने जहरीला पदार्थ खाने की आशंका जताई है। मामले में महिदपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि मामला संदिग्ध है। मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है। रिपोर्ट आने पर ही छात्रा के जहर खाने की पुष्टि हो पायेगी। फिलहाल मामला जांच में है, परिजनों और छात्रा के स्कूल दोस्तों से भी पूछताछ की जा सकती है। जहरीला पदार्थ खाने का एक मामला चिमनगंज थाना क्षेत्र के पुष्पांजलि नगर से सामने आया। यहां रहने वाले होमगार्ड जवान महेश की 18 वर्षीय पुत्री हिमांशी ने रविवार को जहरीला पदार्थ खा लिया था, जिसकी निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। सोमवार सुबह पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

### फांसी लगाने वाले युवक की नहीं हुई पहचान

**उज्जैन।** आगररोड डीमार्ट के पास यात्री प्रतिक्षालय में फांसी के फंदे पर लटके मिले युवक की सोमवार शाम तक पहचान नहीं हो पाई। एएसआई दिनेश वरकड़े ने बताया कि मृतक के पास से पहचान का कोई दस्तावेज नहीं मिला था, जिले के ग्रामीण थाना क्षेत्रों की पुलिस से गुमशुदा लोगों की जानकारी मांगी गई और मृतक का फोटो भेजा गया था। लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया है। मंगलवार सुबह अंतिम संस्कार की प्रक्रिया दफनाने के रूप में की जायेगी। एएसआई वरकड़े के अनुसार मृतक हुलिये से मजदूर लग रहा है, जो बाहर का हो सकता है।

### शोरूम में हुई दुर्घटना का 26 दिन बाद प्रकरण दर्ज

**उज्जैन।** देवासरोड स्थित प्रिंस हुंडई शोरूम में 14 जुलाई को हुई दुर्घटना में घायल 72 साल की महिला सोनाबाई मालवीय निवासी ग्राम मानपुरा के पुत्र संतोष पिता भागीरथ मालवीय की शिकायत पर नागझिरी थाना पुलिस ने 26 दिन बाद कार चालक के खिलाफ धारा 281, 125 (ए) भारतीय न्याय संहिता का प्रकरण दर्ज कर लिया। पुलिस ने बताया कि सोनाबाई शोरूम में सफाई का काम करती थी, उस दौरान शोरूम में कार को आगे-पीछे करने पर चालक ने तेजगति से रिवर्स लिया था, जिसके चलते बुजुर्ग महिला टक्कर लगने पर घायल हुई थी। उस वक्त मामला पुलिस के पास तक नहीं पहुंचा था।

### ट्रक चालक ने क्षतिग्रस्त किया विद्युत ट्रांसफार्मर

**उज्जैन।** एमआर-4 मार्ग दारूगोदाम के आगे बुनकर सोसायटी उद्योगपुरी में आधी रात को तेजगति से गुजरते ट्रक चालक ने विद्युत ट्रांसफार्मर को टक्कर मार दी। ट्रांसफार्मर के क्षतिग्रस्त होने पर उद्योगपुरी में बिजली व्यवस्था प्रभावित हो गई। चिमनगंज थाना पुलिस ने रतन एवेन्यू में रहने वाले भानुप्रताप पिता श्रीराम पटेल की शिकायत पर ट्रक चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाकर ट्रांसफार्मर को नुकसान पहुंचाने का प्रकरण दर्ज किया है।

### श्री सिंथेटिक्स कर्मचारियों का आंदोलन तेज

**उज्जैन।** फ्रीगंज स्थित शहीद पार्क पर श्री सिंथेटिक्स कर्मचारी कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कर्मचारियों की वर्षों से लंबित मांगों, बकाया भुगतान और पेंशन सहित अन्य वैधानिक देयकों को लेकर आंदोलन को तेज करने पर चर्चा की गई। इस दौरान कर्मचारियों ने अपने-अपने सुझाव दिए और सरकार के समक्ष मांगों को प्रभावी ढंग से रखने को लेकर मंथन किया। संगठन का आरोप है कि कर्मचारियों की मांगों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को ज्ञापन सौंपकर निराकरण की अपील की जा चुकी है, लेकिन अब तक शासन स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 138-2 | 123-6 |
| मेन बाजार | 467-7 | 260-8 |
| मिलन डे | 134-8 | 369-8 |
| मिलन नाइट | 138-2 | 130-0 |

3 6 8

---

जीआरपी-आरपीएफ की टीम ने पकड़ा, 2 मोबाइल और 8 हजार बरामद

# चलती ट्रेनों में ओडिशा के बदमाश करते थे वारदात

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

चलती ट्रेनों में यात्रियों का सामान चोरी करने वाले ओडिशा के 2 बदमाशों को जीआरपी और आरपीएफ की टीम ने संयुक्त प्रयास के बाद गिरफ्तार किया है। दोनों से 22 दिन पहले महिला यात्री का ट्राली बेग चोरी करने और 2 मोबाइल चुराने की वारदात का खुलासा हुआ है।

जीआरपी थाना प्रभारी सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि 18 जुलाई को जयपुर की रहने वाली महिला यात्री का जयपुर एक्सप्रेस ट्रेन से ट्रॉली बेग और एक छोटा बेग अज्ञात बदमाशों ने चोरी कर लिया था। महिला यात्री की शिकायत पर चोरी का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया था। आरपीएफ टीम की मदद से प्लेटफार्म पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखने पर 2 बदमाश ट्रॉली बेग लेकर जाते दिखाई दिये थे। दोनों की फुटेज के आधार पर तलाश शुरू की गई और उनका ट्रेवलिंग रूट पता किया जा रहा था। उनके दोबारा से स्टेशन आने पर भी नजर रखी जा रही थी। 22 दिन बाद आरपीएफ ने सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से दोनों की मौजूदगी को स्टेशन पर ट्रेस किया। जानकारी लगते ही जीआरपी की टीम दोनों की घेराबंदी के लिये नागदा आउटर की ओर पहुंची और उन्हे हिरासत में लिया। थाने लाकर पूछताछ करने पर उनके नाम बरकत हुसैन 49 साल और अब्दुल मन्नान 55 साल निवासी राउरकेला, ओडिशा सामने आये। दोनों ने ट्रॉली बेग चुराने की वारदात कबूल कर ली। उनके पास से 2 मोबाइल और 8 हजार रुपए भी बरामद किये गये। मोबाइल भी ट्रेनों में चोरी करना बताया। थाना प्रभारी गुप्ता के अनुसार दोनों के खिलाफ जयपुर की महिला यात्री द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के मामले में गिरफ्तारी ली गई और न्यायालय में पेश किया गया। जहां से दोनों को जेल भेजा गया है।



#### बेग में रखा सामान बेच बांटे थे रुपए

थाना प्रभारी ने बताया कि महिला यात्री द्वारा बेग चोरी के बाद शिकायत में 70 हजार के कीमती कपड़े, जूते, आर्टिफिशन ज्वेलरी रखा होना बताया था। दोनों बदमाशों से चोरी का बेग और सामान बरामद करने के प्रयास किये गये तो उन्होने पूरा सामान बाजार में अलग-अलग स्थानों पर बेचकर उससे प्राप्त रूपयों को आपस में बांटना कबूल किया, जिसके चलते सामान की बरामदगी नहीं हो पाई। दोनों के पास मिले चोरी के दो मोबाइल के संबंध में उनके मालिकों का पता लगाया जा रहा है।

#### अंतर्राज्यीय स्तर पर करते हैं वारदात

बताया जा रहा है कि ओडिशा के दोनों बदमाश अंतर्राज्यीय स्तर पर चलती ट्रेनों में यात्रियों का सामान चोरी करने की वारदातों को अंजाम देते है और किसी भी स्टेशन पर उतरने के बाद फरार हो जाते थे। दोनों का अपराधिक रिकार्ड पता लगाने पर आरोपी अब्दुल मन्नान का जीआरपी दुर्ग में भी प्रकरण दर्ज होना सामने आया है। थाना प्रभारी ने यह भी बताया कि पिछले एक सप्ताह में जीआरपी की टीम 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है जो ट्रेनों में यात्रियों के मोबाइल चोरी करते थे।

---

पहली सवारी में पुलिस सक्रियता से बदमाश बड़ी वारदातों को अंजाम नहीं दे पाये

# महाकाल की दूसरी सवारी में 21 श्रद्धालुओं के मोबाइल चोरी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



बाबा महाकाल की दूसरी सवारी सोमवार को निकाली गई। सवारी मार्ग पर 2 थाना क्षेत्रों के बीच बदमाश भी मौजदू रहे। 21 श्रद्धालुओं ने मोबाइल चोरी और एक श्रद्धालु ने पर्स चोरी की शिकायत पुलिस को दर्ज कराई। पहली सवारी में हुई वारदातों के बाद दूसरी सवारी में पुलिस सक्रियता से बदमाश बड़ी वारदातों को अंजाम नहीं दे पाये।

महकाल मंदिर से बाबा महाकाल की दूसरी सवारी शाम 4 बजे निकाली गई। सवारी मार्ग पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु बाबा के दर्शन पाने के लिये एकत्रित हुये थे। सुरक्षा-व्यवस्था में पुलिस की आसमान से लेकर पूरे सवारी मार्ग पर नजरें बनी हुई थी। बावजूद आस्थावानों के बीच बदमाश श्रद्धालु बनकर पहुंचे थे। सवारी के दौरान बदमाशों ने महाकाल थाना क्षेत्र में 15 श्रद्धालुओं के मोबाइल और एक श्रद्धालु का पर्स चोरी कर लिये। खाराकुआ थाना क्षेत्र के सवारी मार्ग पर 6 श्रद्धालुओं के मोबाइल चोरी होना सामने आये। चोरी का यह आंकड़ा सवारी के मंदिर पहुंचने तक का था। माना जा रहा था कि रात में कुछ ओर श्रद्धालु उनके साथ हुई वारदातों की शिकायत लेकर महाकाल थाने तक पहुंच सकते है। 3 अगस्त को निकाली गई पहली सवारी में बदमाशों की बड़ी गैंग सक्रिय होना सामने आई थी। गैंग ने 2 थाना क्षेत्र में 6 महिलाओं के गले से सोने की चेन और मंगलसूत्र चोरी करने के साथ 40 से अधिक श्रद्धालुओं के मोबाइल-पर्स चोरी किये थे। दूसरी सवारी में पुलिस की नजरें काफी मुस्तैद थी, जिसके चलते वारदात करने वाले अपने मकसद में सफल नहीं हो पाये।

#### दो दिन में पकड़े गये 30 संदिग्ध

दूसरी सवारी से एक दिन पहले ही पुलिस संदिग्धों की धरपकड़ के लिये मैदान में आ गई थी। रविवार को महाकाल थाना क्षेत्र से 20 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया था। जिनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई थी। सोमवार को दूसरी सवारी से पहले और सवारी के दौरान महाकाल पुलिस ने 10 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है। वारदातों में उनके शामिल होने पर मंगलवार को प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर जेल भेजा जायेगा। खाराकुआ पुलिस ने भी कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया था, जिनसे पूछताछ जारी है।

#### पकड़ाई थी राजस्थान-हरियाणा की गैंग

धार्मिक नगरी में आस्था से जुड़े बड़े आयोजनों के दौरान बाहर से आने वाली गैंग श्रद्धालुओं के साथ वारदातों को अंजाम देती है। पहली सवारी में 7 लाख से अधिक श्रद्धालु शामिल हुये थे। इस दौरान पुलिस ने वारदात करने वाली राजस्थान-हरियाणा की गैंग पकड़ी थी। जिसमें महिला-पुरूषों की संख्या 19 होना सामने आई थी। कुछ नाबालिग और स्थानीय पारदी डेरे के आदतन बदमाश भी शामिल थे। उस वक्त 30 से अधिक बदमाश प्रवृति के लोगों को जेल भेजा गया था।

---

उज्जैन स्टेशन पर कल से 4 ट्रेनों का प्लेटफॉर्म बदला

# आज से इंदौर-नागपुर वंदे भारत एक नंबर प्लेटफार्म पर आएगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अगर मंगलवार सुबह आपको इंदौर-नागपुर वंदे भारत ट्रेन में सवार होना है तो आप सीधे एक नंबर प्लेटफार्म पर पहुंचें अन्यथा प्लेटफार्म की गफलत में आपकी ट्रेन छूट सकती है। यात्रियों की सुविधा और परिचालन व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए पश्चिम रेलवे ने मंगलवार 11 अगस्त से उज्जैन स्टेशन पर 4 ट्रेनों के प्लेटफॉर्म में बदलाव किया है।

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि यात्रियों को असुविधा न हो इसलिए ये बदलाव किए गए हैं।

#### 11 अगस्त से वंदे भारत अवंतिका समेत 3 अन्य ट्रेन का नया प्लेटफॉर्म



#### 11 अगस्त से नया प्लेटफॉर्म चार्ट

क्र. ट्रेन संख्या ट्रेन का नाम समय नया प्लेटफॉर्म

- 1. 20911 इंदौर-नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस 06:50 आगमन / 06:55 प्रस्थान 01
- 2. 12961 मुंबई सेंट्रल-इंदौर एक्सप्रेस 07:30 आगमन / 07:35 प्रस्थान 02
- 3. 12416 नई दिल्ली-इंदौर एक्सप्रेस 08:20 आगमन / 08:25 प्रस्थान 02
- 4. 20156 नई दिल्ली-डॉ. अंबेडकर नगर एक्सप्रेस 10:20 आगमन / 10:25 प्रस्थान 02

---

# जीआरपी ने निकाली तिरंगा यात्रा...



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

देशभक्ति का पर्व स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को मनाया जायेगा। इससे पहले हर घर तिरंगा लहराने का अभियान शुरू किया गया है। सोमवार को जीआरपी थाना प्रभारी सुनील कुमार गुप्ता द्वारा थाना स्टॉफ के साथ तिरंगा यात्रा का आगाज किया। रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म और परिसर में यात्रा निकालकर सभी से हर घर तिरंगा लहराने की अपील की गई और देशभक्ति के पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाने का संदेश दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि तिरंगा यात्रा के साथ जीआरपी की टीम पूरे स्टेशन परिसर और आने वाले ट्रेनों में स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर संदिग्धों से पूछताछ और उनके सामान की तलाशी लेने का सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है।

---

# जहर खाने से 16 वर्षीय विवाहिता की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जहर खाने से 16 साल की विवाहित बालिका की मौत होने का मामला सोमवार शाम सामने आया। उसका उपचार निजी अस्पताल में चल रहा था। माधवनगर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। पोस्टमार्टम के बाद मामले की जांच शुरू की जायेगी।

माधवनगर थाना पुलिस ने बताया कि निजी अस्पताल से रात 10 बजे संध्या पति लखन सिसौदिया 16 साल ग्राम देवली तराना की मौत होने की खबर मिली थी। पुलिस निजी अस्पताल पहुंची और बालिका का शव पोस्टमार्टम के लिये चरक अस्पताल लाया गया। इस दौरान पता चला कि जहर खाया था, परिजनों से पूछताछ करने पर वह कुछ बता पाने की स्थिति में नहीं थे। मामले में मर्ग कायम किया गया है। मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जायेगा। मामला नाबालिग विवाहिता से जुड़ा हुआ। पोस्टमार्टम के बाद जांच तराना पुलिस को सौंपी जायेगी। जहां परिजनों के बयान दर्ज किये जायेगें।

#### युवक ने खाई चूहामार दवा



देवासगेट थाना क्षेत्र की बड़ी मायापुरी में रहने वाले राहुल पिता राजेश टाटावत 26 साल ने रात में चूहा मार दवा खाली। उसकी हालत बिगड़ने पर पिता उसे चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। पिता का कहना था कि पता नहीं है पुत्र ने जहर क्यों खाया है। डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती कर मामले की सूचना पुलिस को दी।

---

कैमरों के सामने आये फुटेज, पहचान के प्रयास

# 2 बदमाशों ने तोड़े थे पांच मकानों के ताले

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



नागदा में शनिवार-रविवार रात पांच मकानों में हुई चोरी की वारदात में 2 बदमाश शामिल होना सामने आये है। पुलिस को सीसीटीवी कैमरों से बदमाशों के फुटेज मिले है। जिनकी पहचान के प्रयास किये जा रहे है।

रविवार को नागदा थाना क्षेत्र के सुनील नगर में पांच मकानों के ताले टूटना सामने आया था। रात में अज्ञात बदमाशों ने चार मकानों में वारदात का अंजाम दिया था, एक मकान का ताला तोड़ने के बाद बदमाश वहां वारदात करने में सफल नहीं हो पाये थे। एक साथ पांच मकानों के ताले टूटने पर रहवासियों में आक्रोश दिखाई दिया था। जिन मकानों को बदमाशों ने निशाना बनाया था, उसमें लाखनसिंह चंद्रावत के मकान से बेटी की शादी के लिये खरीदे गये 1 लाख से अधिक के कपड़े चोरी होना सामने आये थे। दूसरी वारदात दलवीर सिंह के मकान में हुई थी। बदमाश यहां से चांदी का नारियल, पायल और अंगूठी के साथ कुछ नगद रुपए चुराकर ले गये थे। तीसरी वारदात जगदीश चावड़ा के घर में हुई थी। जहां से बदमाशों ने कीमती कपड़ों के साथ मंदिर में रखीं चांदी की राधा-कृष्ण की मूर्तियां चुराई थी। चौथा मकान सेना में पदस्थ गोविंद चौधरी का था। चोरों को यहां कुछ खास हाथ नहीं लग पाया था लेकिन वहां लगे सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर अपने साथ ले गये थे। पांचवी वारदात विक्रमलाल परमार के मकान में करने का प्रयास किया था,मेन गेट का ताला चोरों ने तोड़ दिया था, अंदर का ताला नहीं टूटने पर भाग निकले थे। पुलिस ने वारदातस्थल की जांच के बाद आसपास क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले है। जिसमें बदमाशों की संख्या 2 होना सामने आई है। थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी ने बताया कि कैमरों की मदद से फिलहाल 2 बदमाश दिखाई दिये है। आशंका है कि उनके कुछ ओर साथी भी चोरी में शामिल हो सकते है। फुटेज में दिखाई दे रहे दोनों बदमाशों की पहचान के प्रयास किये जा रहे है। पांचों मकान सूने थे और वहां रहने वाले परिवार नागदा से बाहर गये हुये थे।

---

लोनिवि का बड़ा फैसला, एसडीओ और उपयंत्री सीधे होंगे जिम्मेदार

# सड़क किनारे पेड़ सूखा तो इंजीनियर पर गिरेगी गाज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

## भोपाल में 1 उपयंत्री पर हो चुकी है कार्रवाई, अब उज्जैन की बारी

सिंहस्थ-28 के लिए जमकर सभी विभाग पौधारोपण कर रहे हैं। भवन और सडक बनाने वाले लोक निर्माण विभाग के यंत्री होंशियार हो जाएं। अब सड़क घटिया बनी तो कार्रवाई होगी ही, साथ में सड़क किनारे लगे पेड़ सूख गए तो भी इंजीनियर की नौकरी खतरे में पड़ जाएगी। विभागीय बडे फैसले के तहत सडक किनारे का पेड सूखा तो इंजीनियर पर गाज गिरना तय है। इसके तहत भोपाल में कार्रवाई हो चुकी है।

लोक निर्माण विभाग ने बड़ा फैसला लेते हुए पौधों की देखरेख में लापरवाही बरतने वाले अफसरों पर सीधी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। अब अनुविभागीय अधिकारी और उपयंत्री को पेड़ सूखने का सीधे जिम्मेदार माना जाएगा।

**प्रमुख अभियंता को सख्ती के आदेश-** लोक निर्माण विभाग मंत्रालय ने राज्य भर में भेजे ताजा निर्देश में कहा है कि सड़कों के किनारे लगाए गए पौधों और पेड़ों के संरक्षण में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। इसके लिए विभाग ने प्रमुख अभियंता, सड़क और भवन को फील्ड में सख्ती करने के आदेश दिए हैं। विभाग के मुताबिक निर्माण कार्यों और मार्गों के निरीक्षण में कई जगह नियमों का पालन नहीं मिला। भोपाल में इसी लापरवाही पर एक उपयंत्री को पहले ही निलंबित किया जा चुका है। वैसे प्रशासनिक भाषा में निलंबन सजा नहीं मानी जाती है। संरक्षण में लापरवाही मिलने पर तुरंत विभागीय कार्रवाई की जाए।



#### 4 बिंदुओं के तहत गाइडलाइन तय

लोक निर्माण विभाग के सूत्रों का कहना है कि इसके लिए 4 बिंदुओं के तहत गाईडलाईन तय की गई है। इसमें हर पौधे के तने के चारों ओर तय मानक के अनुसार *45 सेंटीमीटर तक मिट्टी और मुरम की मल्चिंग की जाए। पौधों की सुरक्षा और रखरखाव पर लगातार नजर रखी जाए। संबंधित अधिकारी खुद मौके पर जाकर चेक करें कि ठेकेदार या निर्माण एजेंसी निदेर्शों की अनदेखी न करे।

#### इसलिए उठाया गया कदम

हर साल करोड़ों रुपये खर्च कर सड़क निर्माण की जा रही है। निमार्णों में सडकों के किनारे पौधारोपण किया जाता है, लेकिन देखरेख के अभाव में ज्यादातर पौधे सूख जाते हैं। अब लोक निर्माण विभाग ने इसे गंभीरता से लेते हुए इंजीनियरों की जवाबदेही तय कर दी है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com